Epaper

www.anokhateer.com
anokhateer@gmail.com
पंजीयन क्रमांक-एमपीएचआईएन 69306/1998

# दैनिक अनोखा तीर

हरदा एवं नर्मदापुरम् से एक साथ प्रकाशित

निशाने पर हर खबर

13 मार्च 2026
हरदा, शुक्रवार
वर्ष-15, अंक - 274, पृष्ठ-8
मूल्य- 2 रुपए
चैत्र कृष्ण पक्ष - 10
विक्रम संवत् 2082



## जंग के चलते कमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई ठप

**घरेलू सिलेंडर 7 दिन तक वेटिंग**

- रीवा में सिलेंडर 2000 का, कालाबाजारी के आरोप
- छिंदवाड़ा में शादियों में डीजल भट्टियों पर बनेगा खाना

अनोखा तीर, भोपाल ।

मध्य प्रदेश में 3 दिन से कमर्शियल सिलेंडर की सप्लाई ठप है। घरेलू सिलेंडर की वेटिंग भी 5 से 7 दिन की हो गई है। ऑयल कंपनियों ने 15 प्रतिशत गैस ही उपलब्ध होने की बात कही है, जो इमरजेंसी सेवा और घरों के लिए ही उपयोग हो सकेगी। कुछ शहरों के उपभोक्ता सिलेंडर की कालाबाजारी के आरोप लगा रहे हैं। रीवा में गैस एजेंसी के बाद सुबह से कतार में लगे उमेश शुक्ला ने बताया कि दोपहर बाद तक सिलेंडर नहीं मिल पाया। दलाल 900 का सिलेंडर 1700 से लेकर 2000 रुपए तक में सिलेंडर बेच रहे हैं। उपभोक्ता मजबूरी में महंगे दामों पर सिलेंडर खरीदने को मजबूर हैं।

- **स्टॉक इतना कि 48 घंटे तैसे-जैसे निकलेंगे-** भोपाल होटल एसोसिएशन के तेजकुल पाल सिंह पाली का कहना है कि राजधानी में ही डेढ़ हजार से ज्यादा होटल और रेस्टॉरेंट हैं। जहां हर रोज 2 से ढाई हजार सिलेंडर उपयोग होते हैं। जिन होटल या रेस्टॉरेंट में स्टॉक है, वहां 48 घंटे ही तैसे-जैसे निकल पाएंगे। इसके बाद होटल और रेस्टॉरेंट बंद हो जाएंगे। सरकार से मांग की है कि होटल, रेस्टॉरेंट और रेहड़ी वालों को कमर्शियल गैस सिलेंडर की आपूर्ति की जाए, लेकिन सरकार ने सिर्फ इमरजेंसी सेवा के लिए गैस देने की बात कही है।
- **दावा- घरेलू सिलेंडर की सप्लाई में कोई दिक्कत नहीं, हकीकत-लंबी वेटिंग-** जिम्मेदार दावा कर रहे हैं कि घरेलू गैस सिलेंडर की सप्लाई में कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन हकीकत में लंबी वेटिंग है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर समेत पूरे प्रदेश में लंबी वेटिंग है। भोपाल के 5 नंबर इलाके में इसके लिए भीड़ देखी गई। टीटी नगर इलाके में तो सिलेंडर के लिए भाग-दौड़ भी हो



चुकी है। इंदौर में कमर्शियल सिलेंडर के संकट के बीच खाद्य विभाग के अधिकारी ने लकड़ी, कंडा, कोयला जैसे पारंपरिक ईंधन जलाने पर जोर दिया है। वहीं भोपाल में भी डीजल भट्ठी का उपयोग करने की बात कही जा रही है।

- **मार्च में ही 20 हजार से ज्यादा शादियां-** प्रदेश में मार्च में ही 20 हजार से ज्यादा शादियां होना हैं। इनमें कमर्शियल सिलेंडर का उपयोग होता है, लेकिन ये 3 दिन से नहीं मिल रहे हैं। ऐसे में शादियों में भोजन पकाने में दिक्कतें खड़ी हो रही हैं। भोपाल में 3 हजार आभूषण कारीगर हैं।
- **दाल, मसाले और ड्राई फ्रूट्स हुए महंगे-** ईरान-इजरायल के बीच युद्ध का असर भोपाल के बाजारों में भी दिख रहा है। भोपाल किराना व्यापारी महासंघ के महामंत्री एवं कैट के पूर्व प्रवक्ता विवेक साहू ने बताया कि दालों में तेजी बनी हुई है। हरी मूंग करीब 100 रुपए प्रति क्विंटल, मसूर 100 रुपए, चना 150 रुपए, मूंग मोगर लगभग 125 रुपए और चना दाल करीब 100 रुपए प्रति क्विंटल तक तेज बताई जा रही है। वहीं, तूअर दाल के भाव में भी करीब 200 से 300 रुपए प्रति क्विंटल तक की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

## सीएम करेंगे 1.25 करोड़ लाड़ली बहनों के खातों में 1836 करोड़ रुपये की राशि अंतरित

- ग्वालियर जिले के शबरी माता मंदिर परिसर घाटीगाँव में होगा लाड़ली बहना सम्मेलन



अनोखा तीर, भोपाल ।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को ग्वालियर जिले के शबरी माता मंदिर घाटीगाँव में आयोजित सम्मेलन में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना प्रदेश की 1 करोड़ 25 लाख से अधिक बहनों के बैंक खातों में 1836 करोड़ रुपये से अधिक की राशि का सिंगल क्लिक से अंतरण करेंगे। यह राशि योजना की 34वीं किश्त के रूप में बहनों को प्रदान की जा रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश सरकार महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। इसी क्रम में योजना के अंतर्गत नवंबर माह से मासिक सहायता में 250 रुपये की वृद्धि की गई है, जिससे अब पात्र हितग्राही बहनों को प्रतिमाह 1,500 रुपये की आर्थिक सहायता मिल रही है। प्रदेश में जून 2023 से प्रारंभ हुई यह योजना महिलाओं के जीवन में आर्थिक आत्मविश्वास और सामाजिक सम्मान का नया आधार बनी है। जून 2023 से फरवरी 2026 तक योजना के तहत 33 किश्तों का नियमित अंतरण किया जा चुका है। इस अवधि में 54,140 करोड़ रुपये की राशि बहनों के खातों में सीधे अंतरित की गई है।

### इन कार्यों का करेंगे भूमि-पूजन व लोकार्पण

मुख्यमंत्री डॉ. यादव लाड़ली बहना सम्मेलन में ग्वालियर जिले के अंतर्गत लगभग 122 करोड़ लागत के 54 कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण करेंगे। इनमें लगभग 62 करोड़ के 19 कार्यों का लोकार्पण और लगभग 60 करोड़ रुपये लागत के 35 कार्यों का भूमि-पूजन शामिल है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा जिन कार्यों का लोकार्पण किया जायेगा उनमें लगभग 40 करोड़ की लागत से सांदिपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुलैथ का भवन और 9.11 करोड़ की लागत से डाडा खिरक तिघरा मार्ग पर सांक नदी पर नव निर्मित उच्च स्तरीय पुल शामिल हैं। इसके अलावा उप स्वास्थ्य केंद्र बन्हेरी तथा ग्वालियर शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में नव निर्मित सड़कें शामिल हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा जिन कार्यों का भूमि-पूजन करेंगे उनमें आईएसबीटी के समीप 6.17 करोड़ की लागत से बनने जा रहे 100 सीटर श्रमिक विश्रामगृह एवं 12.16 करोड़ की लागत से अंबेडकर धाम के द्वितीय चरण में बाबा साहब के जीवन पर आधारित संग्रहालय का निर्माण प्रमुख है।

- सीएम यादव ने शिवराज के साथ की कृषि भवन में बैठक

## अब सरसों पर भावांतर का लाभ, तुअर की पूरी फसल खरीदेगी सरकार

**मंत्री प्रहलाद के साथ शिवराज से मिले सीएम मोहन यादव**

अनोखा तीर, नईदिल्ली/भोपाल ।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को दिल्ली में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात की। खास बात यह रही कि इस बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल भी उनके साथ मौजूद थे।

शिवराज सिंह चौहान से सीएम ने मंत्री प्रहलाद पटेल के साथ मुलाकात की है। मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भी दिल्ली पहुंचे थे, लेकिन वे एक निजी शादी समारोह में शामिल होने गए थे।





- **शिवराज-मोहन और प्रहलाद के बीच चर्चा-** तीनों दिग्गजों के बीच हुई बैठक के बाद केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान की ओर से जारी प्रेस नोट में बताया गया कि खेती से जुड़े इन मुद्दों पर चर्चा हुई है।
- **सरसों उत्पादकों को भावांतर का तोहफा -** लंबे समय से लंबित सरसों की खरीद पर भावांतर भुगतान योजना को केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हरी झंडी दे दी है। इससे प्रदेश के लाखों सरसों उत्पादक किसानों को बाजार और समर्थन मूल्य के अंतर की राशि सीधे खाते में मिलेगी।
- **तुअर की 100 प्रतिशत सरकारी खरीद-** शिवराज सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री को स्वयं स्वीकृति पत्र सौंपा, जिसके तहत अब प्रदेश के किसानों की पूरी की पूरी तुअर फसल सरकार खरीदेगी। यह दलहन उत्पादन के क्षेत्र में मध्य प्रदेश के लिए एक क्रांतिकारी कदम माना जा रहा है।
- **2026 किसान कल्याण वर्ष का रोडमैप-** वर्ष 2026 को 'किसान कल्याण वर्ष' के रूप में मनाते हुए केंद्र सरकार ने स्पष्ट किया है कि मध्य प्रदेश को विशेष प्राथमिकता दी जाएगी। इसमें मूंग, उड़द और सोयाबीन जैसे तिलहनों पर भी विशेष फोकस रहेगा।

## सीजन में पहली बार मप्र में लू का अलर्ट

अनोखा तीर, भोपाल ।

गर्मी के इस सीजन में पहली बार मध्य प्रदेश में गुरुवार को हीट वेव यानी लू चल रही थी। मौसम विभाग ने रतलाम, धार और नर्मदापुरम में हीट वेव चलने की बात कही है। शुक्रवार को भी इन्हीं जिलों में लू चलेगी। सीजन में पहली बार पारा 40 डिग्री पर पहुंचा।

रतलाम सबसे गर्म रहा। भोपाल, इंदौर और उज्जैन में भी गर्मी ने तेवर दिखाए। तेज गर्मी के बीच 14 और 15 मार्च को प्रदेश में बारिश, बादल और गरज-चमक वाला मौसम भी रह सकता है। मौसम विभाग ने वेस्टर्न डिस्टरबेंस (पश्चिमी विक्षोभ) की वजह से दो दिन तक अलर्ट जारी किया है। इससे पहले बुधवार को पूरे प्रदेश में तेज गर्मी पड़ी। 5 बड़े शहरों की बात करें तो इंदौर में पारा 38 डिग्री तक पहुंच गया। वहीं, ग्वालियर-उज्जैन में 37.7 डिग्री, भोपाल में 36.4 डिग्री और जबलपुर में 36.5 डिग्री रहा।

- सर्वाइकल कैंसर का 'डेथ बेल्ट' बन रहे यूपी-तमिलनाडु

## मप्र देश में छठे नंबर पर

**5 साल में 11 हजार से ज्यादा महिलाओं की मौत**




अनोखा तीर, भोपाल ।

देश में गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर की बढ़ती रफ्तार ने केंद्र और राज्य सरकारों की चिंता बढ़ा दी है। राज्यसभा में सांसद राजिंदर गुप्ता के सवाल पर स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा पेश की गई ताजा रिपोर्ट के अनुसार, उत्तर प्रदेश और तमिलनाडु इस बीमारी के सबसे बड़े केंद्र बनकर उभरे हैं। मध्य प्रदेश की स्थिति भी डराने वाली है, जहाँ यह बीमारी टॉप राज्यों की सूची में शामिल है।

**सर्वाइकल कैंसर का गढ़ बना यूपी-** उत्तर प्रदेश देश में इस बीमारी का सबसे बड़ा केंद्र बना हुआ है, जबकि मध्य प्रदेश मौतों और केसों के मामले में देश में छठे स्थान पर है।

**एमपी का 5 साल का 'डेथ मीटर' (2021-2025)-** मध्य प्रदेश में पिछले पांच वर्षों में सर्वाइकल कैंसर न केवल स्थिर रहा है, बल्कि इसमें मामूली बढ़ोत्तरी भी दर्ज की गई है। मप्र में हर साल 4 हजार से ज्यादा सर्वाइकल कैंसर के मामले सामने आ रहे हैं। करीब 21 सौ महिलाएं हर साल इसकी जद में आकर जान गवां रहीं हैं।

**स्क्रीनिंग में यूपी ने अव्वल, एमपी भी पीछे नहीं-** सरकार ने बीमारी की जल्द पहचान के लिए 'आयुष्मान आरोग्य मंदिर' और जिला अस्पतालों में स्क्रीनिंग तेज कर दी है। उत्तर प्रदेश में चालू वित्त वर्ष 2025-26 (17 फरवरी तक) में रिकॉर्ड 96.28 लाख महिलाओं की जांच की गई। मध्य प्रदेश में इसी अवधि में 11.96 लाख महिलाओं की स्क्रीनिंग पूरी हो चुकी है। अब तक देश की 8.73 करोड़ महिलाओं की जांच की जा चुकी है।

**अब 14 साल की बालिकाओं को लग रही एचपीवी वैक्सीन-** केंद्र सरकार ने 14 वर्ष की बालिकाओं के लिए मुफ्त एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू किया है। इसके लिए स्वदेशी टीके 'सर्वावैक' के उपयोग को प्राथमिकता दी जा रही है।

## 'फिल्म में काम करने गई थी और यह क्या कर लिया'

- मोनालिसा की शादी से गुस्से में दादी, घर पर पसरा सन्नाटा

अनोखा तीर, खरगोन ।

महाकुंभ की वायरल गर्ल मोनालिसा के उसके बॉयफ्रेंड से केरल में शादी कर लेने के बाद खरगोन जिले का महेश्वर में उसके घर सन्नाटा छाया हुआ है। जहां पिता और चाचा अब किसी का मोबाइल फोन अटेंड नहीं कर रहे हैं, वहीं घर पर अन्य परिजन उसके बारे में बात करने से कतरा रहे हैं। उन्होंने वीडियो नहीं बनाने की ताकीद की।



### आक्रोशित हो रहे हैं परिवार

मोनालिसा की फरमान खान से केरल में हिंदू मंदिर में शादी और विवाह के रजिस्ट्रेशन के बाद यह खबर जंगल में आग की तरह फैली थी। कल देर रात महेश्वर स्थित उसके घर पहुंचे खबर नवीसों को परिवार के आक्रोश का सामना करना पड़ा था। पत्रकारों ने वहां जाकर पाया कि दादी प्रमिला घर के बाहर खाट पर मायूस सी बैठी हुई है। घर के फाटक अंदर से बंद थे।

**गुस्से से लाल थीं दादी-** दादी भी इस बारे में बात नहीं करना चाहती। आसपास के घरों की महिलाएं व बालिकाएं भी दुखी और नाराज दिखाई दी। वे अपने समाज के अलावा अन्य समाज के व्यक्ति से मोनालिसा के विवाह से हैरान परेशान प्रतीत हुईं। दादी ने बताया कि मोनालिसा के पिता केरल से वापस लौट रहे हैं और चाचा कहीं बाहर गए हुए हैं।

- **वह बताती तो हम ढूंढ देते-** उन्होंने कहा कि मोना फिल्म में काम करने गई थी और यह क्या कर लिया। यदि वह शादी ही करना चाहती थी तो हमें बताती, समाज से कोई ठीक-ठाक व्यक्ति ढूंढ कर कर देते।
- **मोनालिसा से संपर्क नहीं-** दादी ने बताया कि बुधवार सवेरे मोनालिसा से बात हुई थी उसके बाद से संपर्क नहीं हुआ। मोनालिसा के पिता जय सिंह केरल के पुलिस थाने गए थे लेकिन वहां से भगा दिया गया। उन्होंने बताया कि मोनालिसा के पिता को केवल हिंदी आती थी, वह दूसरी भाषा में बात नहीं कर पा रहा था। थाने में मोनालिसा से बात की तो उसने वापस आने से इनकार कर दिया।

## प्रदेश में अब दूध बेचने वालों के लिए लाइसेंस जरूरी

- मिलावट रोकने की दिशा में बड़ा कदम, दूध ले जाने वाले उपकरणों की होगी निगरानी

अनोखा तीर, भोपाल ।

मध्यप्रदेश में अब डेयरी सहकारी समितियों को छोड़कर सभी दूध उत्पादकों और दूध विक्रेताओं को लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। राज्य सरकार ऐसे सभी दुग्ध उत्पादकों और विक्रेताओं के पंजीकरण की प्रक्रिया भी शुरू करेगी।

इसके साथ ही दूध संग्रह, परिवहन में उपयोग होने वाले उपकरणों और भंडारण व्यवस्था की जांच के निर्देश भी दिए गए हैं। सरकार का मानना है कि इससे मिलावटी दूध और दुग्ध उत्पादों पर रोक लगाने में मदद मिलेगी।

राज्य में ऐसे दूध उत्पादकों और विक्रेताओं की पहचान की जाएगी जो अभी तक पंजीकृत नहीं हैं। इसके अलावा दूध से जुड़ी गतिविधियों की निगरानी की मासिक रिपोर्ट भी तैयार की जाएगी।



### मप्र में 213 लाख टन दूध का उत्पादन

मध्यप्रदेश देश के प्रमुख दुग्ध उत्पादक राज्यों में शामिल है। यहां देश के कुल दूध उत्पादन का करीब 9 प्रतिशत यानी लगभग 213 लाख टन दूध का उत्पादन होता है। राज्य में सांची दूध प्रमुख डेयरी ब्रांड है और ग्रामीण क्षेत्रों में दूध संग्रह को बढ़ावा देने के लिए 381 नई सहकारी समितियां भी कार्य कर रही हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश में दूध उत्पादन को 9 प्रतिशत से बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य रखा है। इस दिशा में पिछले वर्ष नेशनल डेयरी डव्लपमेंट बोर्ड के साथ अनुबंध भी किया गया था। जानकारी के अनुसार प्रदेश में कुल दूध उत्पादन का लगभग 48 प्रतिशत हिस्सा भैंस के दूध का है। वर्ष 2023-24 की रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में प्रति व्यक्ति दूध की उपलब्धता 652 से 707 ग्राम प्रतिदिन रही।

- **25 गाय रखने पर 10 लाख का प्रोत्साहन-** प्रदेश सरकार ने दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए डॉ. भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना भी शुरू की है। इस योजना के तहत 25 गायों की यूनिट स्थापित करने पर 10 लाख रुपए तक की प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान है।
- **केंद्र ने भी मांगी दूध उत्पादन की रिपोर्ट-** दूध उत्पादन और बिक्री को लेकर केंद्र सरकार भी सक्रिय हो गई है। भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण ने दूध उत्पादकों और विक्रेताओं के लिए पंजीकरण या लाइसेंस अनिवार्य करने संबंधी नई एडवाइजरी जारी की है।

प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि डेयरी सहकारी समितियों के सदस्यों को छोड़कर सभी दूध उत्पादकों और विक्रेताओं को खाद्य सुरक्षा मानकों के तहत पंजीकरण या लाइसेंस लेना होगा। एफएसएसएआई के अनुसार कुछ दूध उत्पादक और विक्रेता बिना पंजीकरण या लाइसेंस के खाद्य व्यवसाय चला रहे हैं, जो खाद्य सुरक्षा नियमों का उल्लंघन है।

## सार-समाचार

## राष्ट्रीय मीन्स कम मेरिट परीक्षा में होनहार विद्यार्थियों को मिलेगी 12 हजार की राशि




**अनोखा तीर, करताना।** राष्ट्रीय स्तर पर संचालित नेशनल मीन्स कम मेरिट परीक्षा में करताना क्षेत्र के शासकीय सांदीपनि विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक प्रतिवर्ष 12 हजार रुपये की छात्रवृत्ति प्राप्त होगी। विद्यालय के



प्राचार्य पूनमचंद दानद्रे ने बताया कि जिले में आयोजित इस परीक्षा में विद्यालय के होनहार विद्यार्थियों ने बेहतर प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। इसमें गरिमा राजपूत पिता राजेन्द्र सिंह राजपूत ने जिले में 12वां स्थान प्राप्त किया है। वहीं मानवी जायसवाल पिता सितेंद्र जायसवाल ने जिले में 30वां स्थान प्राप्त किया तथा काव्या राठौर पिता सुधीर राठौर ने जिले में 50वां स्थान प्राप्त किया। कक्षा आठवीं के इन विद्यार्थियों ने नेशनल मीन्स कम मेरिट जैसी कठिन परीक्षा उत्तीर्ण कर शासकीय सांदीपनि विद्यालय करताना का गौरव बढ़ाया है। इस उपलब्धि पर विद्यालय के विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों तथा समस्त स्टाफ ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सफल विद्यार्थियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

## बालागांव में गणगौर उत्सव का शुभारंभ

**अनोखा तीर, बालागांव।** ग्राम बालागांव में गौर परिवार के निवास पर खड़ा रखकर नौ दिवसीय गणगौर उत्सव का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर गणगौर मैया को पावनी बुलाकर नौ दिनों तक रात्रि में आसपास के मंडलों



द्वारा भजनों एवं नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दी जाएंगी। उत्सव के दौरान आसपास के ग्रामीण भी बड़ी संख्या में पहुंचकर इन प्रस्तुतियों का आनंद लेंगे। प्रथम दिवस खड़ा रखकर ग्राम में भ्रमण किया गया। इस दौरान गांव के विभिन्न मोहल्लों एवं चौराहों पर महिलाओं और ग्रामीणों द्वारा झालरे दिए गए, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। ग्रामीणों एवं आयोजक परिवार ने सभी मंडलों और क्षेत्रवासियों से उत्सव में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

## भोपाल मंडल में काव्य पाठ, निबंध लेखन एवं पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित

**अनोखा तीर, भोपाल।** पश्चिम मध्य रेल के भोपाल मंडल द्वारा 8 मार्च से 15 मार्च 2026 तक अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में गुरुवार को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में महिला रेल कर्मचारियों के लिए काव्य पाठ, निबंध लेखन तथा पेंटिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक



भाग लेते हुए अपनी रचनात्मकता, अभिव्यक्ति और प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। काव्य पाठ के माध्यम से प्रतिभागियों ने महिला सशक्तिकरण, सामाजिक जागरूकता तथा जीवन मूल्यों पर आधारित अपनी भावनाओं को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। वहीं निबंध लेखन एवं पेंटिंग प्रतियोगिता में भी प्रतिभागियों ने अपनी कल्पनाशीलता और सृजनात्मकता का परिचय दिया। यह कार्यक्रम वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी विजय सिंह के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया, जिसका सफल नेतृत्व एवं संचालन सहायक कार्मिक अधिकारी (इंजीनियरिंग) द्वारा किया गया। भोपाल मंडल द्वारा आयोजित इस प्रकार की गतिविधियों का उद्देश्य महिला कर्मचारियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करना तथा कार्यस्थल पर महिला सशक्तिकरण, आत्मविश्वास और सहभागिता को बढ़ावा देना है।

### अनाज से बनी डॉलफिन के माध्यम से...

# किसान ने दिया विश्व शांति का संदेश

- **किसान योगेंद्र पाल सिंह सोलंकी की अनोखी कलाकृति, युद्ध रोकने की भावनात्मक अपील**

**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।**

जिले के ग्राम सुपरली के किसान योगेंद्र पाल सिंह सोलंकी ने अनाज से डॉलफिन मछली की अनूठी आकृति बनाकर विश्व में शांति स्थापित करने और युद्ध रोकने की मार्मिक अपील की है। इस कलाकृति के माध्यम से उन्होंने संदेश दिया है कि युद्ध का दुष्प्रभाव केवल मानव जीवन पर ही नहीं बल्कि जल, थल और आकाश में रहने वाले सभी जीवों पर पड़ता है। योगेंद्र पाल सिंह सोलंकी ने डॉलफिन की आकृति के माध्यम से जलीय जीवों की पीड़ा को दर्शाया है। उनका कहना है कि बारूदी युद्ध और हथियारों के प्रयोग से समुद्र और नदियों का पर्यावरण प्रभावित हो रहा है, जिससे जलीय जीवों के अस्तित्व पर संकट खड़ा हो रहा है। उन्होंने अपनी कलाकृति के माध्यम से भावनात्मक संदेश देते हुए कहा कि मनुष्य को युद्ध के बजाय शांति का मार्ग अपनाना चाहिए। उन्होंने बताया कि युद्ध का असर केवल जीव-जंतुओं पर ही नहीं बल्कि कृषि और अनाज उत्पादन पर भी पड़ता है। इसलिए विश्व के सभी देशों को आपसी सहयोग और शांति के लिए प्रयास करना चाहिए। योगेंद्र पाल सिंह सोलंकी ने अपनी इस कला में डॉलफिन मछली के साथ विश्व के कई देशों के राष्ट्राध्यक्षों के चित्र भी अनाज से तैयार किए हैं। इनमें डोनाल्ड ट्रंप (अमेरिका), बेंजामिन नेतन्याहू (इज़राइल), मोजतबा खामेनेई (ईरान), महमूद अब्बास (फिलिस्तीन), रशाद अल-अलीमी



(यमन), अहमद अल-अब्दुल्ला अल-अहमद अल-सबाह (कुवैत), हमद बिन ईसा अल खलीफा (बहरीन) तथा मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान (संयुक्त अरब अमीरात) शामिल हैं। इन चित्रों को बनाने में धान, बाजरा, रागी, चावल, तिल, राजगीरा और खसखस जैसे विभिन्न प्रकार के अनाजों का उपयोग किया गया है। यह अनूठी कलाकृति लोगों का ध्यान आकर्षित कर रही है और विश्व में शांति का संदेश दे रही है।

## प्रधानमंत्री आज अंतरित करेंगे पीएम किसान सम्मान निधि की राशि

**अनोखा तीर, हरदा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 13 मार्च को असम के गुवाहाटी में आयोजित कार्यक्रम में किसानों के खाते में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 22 वीं किश्त अंतरित करेंगे। इस अवसर जिले में 'पीएम किसान दिवस' मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा। कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने जिला स्तरीय कार्यक्रम के आयोजन के लिए अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अशोक डेहरिया को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इसके अलावा तहसील एवं ग्राम स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इन कार्यक्रमों में स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं किसान शामिल होंगे। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया जाएगा। हितग्राही प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में वीडियो कांफ्रेंस लिंक का उपयोग करके सीधे जुड़ सकते हैं।

## मार्च में अवकाश के दिनों में भी खुले रहेंगे पंजीयन कार्यालय

**अनोखा तीर, हरदा।**

आम जनता को दस्तावेजों के पंजीयन कार्य में अधिक सुविधा देने और सरकारी राजस्व को ध्यान में रखते हुए, मध्य प्रदेश सरकार ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। महानिरीक्षक पंजीयन एवं अधीक्षक मुद्रांक, मध्य प्रदेश कार्यालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार, मार्च 2026 के महीने में शनिवार व रविवार सहित सभी सार्वजनिक अवकाश दिवसों पर पंजीयन कार्यालय खुले रहेंगे। जिले के सभी उप पंजीयक कार्यालयों को अवकाश दिवसों में कार्यालयीन समयावधि में खुले रखने के निर्देश दिए गए हैं।

## ग्राम पंचायतें पानी के टैंकरों में डीजल पम्प लगाएं, सभी टैंकर चालू हालत में रहें - कलेक्टर

**अनोखा तीर, हरदा।** ग्रीष्मकाल के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में हो रही अग्नि दुर्घटनाओं पर नियंत्रण करने के उद्देश्य से कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने सभी ग्राम पंचायतों में उपलब्ध पानी के टैंकरों में डीजल पम्प लगाकर उनकों छोटे अग्निशमन वाहन के रूप में उपयोग करने के निर्देश दिये है। कलेक्टर ने कहा है कि सभी वाहनों पर टैंकर एवं उनमें लगे पम्प चालू हालत में रहें। अग्नि दुर्घटनाओं पर काबू पाने के लिये डीजल पम्प में प्रेशर नोजल का भी इस्तेमाल किया जाए।

## एलपीजी सिलेण्डर की उपलब्धता के संबंध में अफरा तफरी का माहौल न बनाएं

- **जिले में घरेलू एलपीजी सिलेण्डर्स का पर्याप्त स्टाक उपलब्ध**

**अनोखा तीर, हरदा।**

आयुक्त, खाद्य नागरिक आपूर्ति उपभोक्ता संरक्षण मध्यप्रदेश भोपाल के निर्देशन में संयुक्त कलेक्टर सतीश राय की अध्यक्षता में गुरूवार को एलपीजी वितरकों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आयल कंपनियों के अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया है कि जिले में घरेलू एलपीजी सिलेंडरो का पर्याप्त स्टाक उपलब्ध है। आयल कंपनियों द्वारा घरेलु परिवारों को नियमित रूप से सप्लाई सुनिश्चित करने के लिए एलपीजी वितरण में उपाय शुरू किए गये है जैसे की डिलीवरी के 25 दिन बाद ही रिफिल बुकिंग स्वीकार की जा रही है। इस कदम का उद्देश्य कालाबाजारी और अफरा तफरी को रोकना और उपभोक्ताओं को नियमित रूप से समान वितरण सुनिश्चित करना है। वर्तमान में जिले में पेट्रोल, डीजल एवं घरेलू गैस सिलेंडर का पर्याप्त स्टाक एवं आपूर्ति बनी है। सभी उपभोक्ताओं से अनुरोध किया गया है कि घरेलु एलपीजी सिलेंडर की उपलब्धता के सम्बन्ध में अफरा तफरी का माहौल न बनाये, कालाबाजारी न करें और शांतिपूर्वक बुकिंग अनुसार अपना एलपीजी सिलेंडर प्राप्त करें।

## डॉ. शिरीष अग्रवाल को इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स की 'आईबीआर अचीवर' उपाधि



**अनोखा तीर, हरदा।** शहर के अधिवक्ता एवं कर सलाहकार डॉ. शिरीष अग्रवाल को प्रतिष्ठित इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा आईबीआर अचीवर की उपाधि से सम्मानित किया गया है। यह उपलब्धि उन्हें विधि और वाणिज्य के क्षेत्र में प्राप्त विविध शैक्षणिक एवं पेशेवर योग्यताओं के लिए मिली है। इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स की ओर से जारी आधिकारिक सूचना में बताया गया है कि डॉ. अग्रवाल के दावे का संपादकीय बोर्ड द्वारा सत्यापन करने के बाद उस श्रेणी में अंतिम रूप दिया गया। संस्था के अनुसार केवल श्रेष्ठ और प्रमाणित उपलब्धियों को ही इस श्रेणी में स्थान दिया जाता है। रिकॉर्ड के अनुसार डॉ. शिरीष अग्रवाल ने वर्ष 2008 से 2024 के बीच विधि और वाणिज्य से संबंधित कई महत्वपूर्ण शैक्षणिक योग्यताएँ प्राप्त की हैं। इनमें आईसीएआई से इंफॉर्मेशन टेक्नोलॉजी सर्टिफिकेट कोर्स, सीए सीपीटी इंटरमीडिएट (ग्रुप-1), एलएलबी, एलएलएम, पीएचडी, बीकॉम और एमकॉम शामिल हैं। इन उपलब्धियों के आधार पर उन्हें आईबीआर अचीवर का खिताब प्रदान किया गया। इस उपलब्धि पर शहर के अधिवक्ताओं, कर सलाहकारों, सामाजिक संगठनों एवं शुभचिंतकों ने डॉ. अग्रवाल को बधाई देते हुए इसे हरदा के लिए गौरव का विषय बताया है।

## एक तिथि एक त्यौहार विषय पर बैठक आज

**अनोखा तीर, हरदा।** जिला ज्योतिष परिषद के तत्वावधान में एक तिथि एक त्यौहार विषय पर आज एक बैठक रखी जाएगी। परिषद के पंडित मुरलीधर व्यास ने बताया कि 13 मार्च शुक्रवार को दोपहर 4 बजे से मिडिल स्कूल परिसर स्थित हनुमान मंदिर कार्यालय में बैठक का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान एक तिथि एक त्यौहार विषय पर ज्योतिष क्षेत्र के विद्वान पंडित विचार विमर्श कर सर्व सम्मति से कैलेंडर तैयार करेंगे। उन्होंने कर्मकांडी पंडित, ज्योतिष विद्वानों को बैठक में शामिल होने का आग्रह किया है।

### आंटी वो अंकल चॉकलेट देकर गलत जगह छू रहे...

# मासूम ने बताई पड़ोसी की करतूत, फिर पब्लिक ने निकाला जुलूस

**शिवपुरी (एजेंसी)।** कॉलोनी में खेल रही दो मासूम बच्चियों को पड़ोस में रहने वाला युवक चॉकलेट के बहाने अपने घर ले गया और गंदी हरकतें करने लगा। एक बच्ची को उसकी मंशा और हरकतें समझ आ गई और वह भागकर दूसरी बच्ची की मां के पास पहुंची और बताया कि अंकल आपकी बेटी को बेड टच कर रहे हैं। मामले ने तूल पकड़ा और थाने पर हंगामा कर दिया।

जानकारी अनुसार शिवपुरी के फिजिकल थानांतर्गत इंद्रा कालोनी क्षेत्र में दो बच्चियों के साथ पड़ोस में रहने वाले एक युवक ने चाकलेट देने के बहाने छेड़छाड़ कर दी। बच्चियों द्वारा घटना का खुलासा करने के बाद क्षेत्रीय लोगों ने युवक को पकड़ा और थाने ले आए। थाने पर तीन घंटे तक चले हंगामे के उपरांत आधी रात के बाद पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ आपराधिक प्रकरण कायम कर लिया है।



**चॉकलेट देकर की छेड़खानी-** बताया जाता है कि 10 मार्च की शाम करीब 5 बजे छह साल की दो बच्चियां घर के बाहर खेल रही थीं, इसी दौरान पड़ोस में रहने वाला युवक बल्लू साहू, निवासी करैरा उन्हें चाकलेट का लालच देकर अपने साथ ले गया। इस दौरान मजदूरी करने वाले बल्लू ने बच्चियों के साथ बेड टच करते हुए छेड़छाड़ की। एक बच्ची किसी तरह उससे छूट कर भाग आई और सारी घटना अपनी दादी तथा दूसरी बच्ची की मां को बताई कि वहां अंकल आपकी बेटी के साथ बैड टच कर रहे हैं। इसके बाद सभी लोग किराए के कमरे में रहने वाले उक्त युवक के पास पहुंचे तभी बच्ची घर की तरफ आती हुई दिखाई दी।

**मामला दर्ज कर पुलिस ने निकाल दिया जुलूस-** बच्ची ने अपने स्वजनों को बल्लू साहू द्वारा किए गए बैड टच के बारे में बताया। इसके बाद लोग आरोपित को लेकर थाने पहुंचे, जहां करीब तीन घंटे तक भीड़ ने प्रदर्शन किया तब कहीं, एडीशनल एसपी संजीव मुले के फिजिकल थाने पर पहुंचने के उपरांत एफआईआर हो सकी। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ अपराध धारा 75 (1) बीएनएस 11/12 पक्सो एक्ट का कायम कर विवेचना में लिया। इसके बाद आरोपित बल्लू साहू का जुलूस निकालकर उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

## युवा संगम में 60 युवाओं का प्राथमिक चयन




**अनोखा तीर, हरदा।** युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शासकीय आईटीआई हरदा में गुरूवार को युवा संगम रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेंले का आयोजन किया गया। जिला रोजगार अधिकारी लक्ष्मण सिंह सिलोटे ने बताया कि मेले में 5 कंपनियों ने भाग लेकर कुल 60 आवेदकों का प्राथमिक चयन कर ऑफर लेटर प्रदान किया। मेले में कुल 105 आवेदकों ने अपना पंजीयन कराया। युवा संगम में स्वास्थ्य विभाग द्वारा 33 युवक युवतियों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया।

## जिला मूल्यांकन समिति की बैठक 13 मार्च को

**अनोखा तीर, हरदा।** जिले की अचल सम्पत्तियों के वर्ष 2026-27 के लिए अनंतिम बाजार मूल्य निर्धारण के लिए कलेक्टर सिद्धार्थ जैन की अध्यक्षता में जिला मूल्यांकन समिति की बैठक 13 मार्च को आयोजित की गई है। जिला पंजीयक एवं संयोजक जिला मूल्यांकन समिति हरदा ने बताया कि यह बैठक दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित की गई है।

### सुखीसेवनिया रेलवे स्टेशन..

# भोपाल रेल मंडल, एनडीआरएफ की टीम ने किया दुर्घटना अभ्यास




**अनोखा तीर, भोपाल।** पश्चिम मध्य रेल के भोपाल मंडल द्वारा वर्ष 2025-26 के दौरान ट्रेन से संबंधित दुर्घटनाओं जैसी आपातकालीन परिस्थितियों में राहत एवं बचाव कार्यों की तैयारी को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से जॉइंट फुल-स्केल एक्सरसाइज का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को सुखीसेवनिया रेलवे स्टेशन पर भोपाल रेल मंडल, 11वीं बटालियन आरपीएसएफ/आरपीएफ तथा एनडीआरएफ भोपाल के संयुक्त तत्वावधान में दुर्घटना राहत एवं बचाव का व्यापक अभ्यास सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। इस अभ्यास में मंडल रेल प्रबंधक भोपाल पंकज त्यागी के मार्गदर्शन में रेलवे अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ-साथ आरपीएसएफ/आरपीएफ 11वीं बटालियन के डिप्टी कमांडेंट अनिल पाल के नेतृत्व में टीम ने भाग लिया। इसके अतिरिक्त आरपीएसएफ भोपाल के कमांडेंट कमलनाथ धुर्वे भी अपनी टीम के साथ उपस्थित रहे। इस दौरान पश्चिम मध्य रेलवे मुख्यालय जबलपुर से मुख्य चल शक्ति इंजीनियर श्री आर.एस. वीका तथा डीसीएस/मुख्य सुरक्षा अधिकारी



(यांत्रिक) भी उपस्थित रहे। अभ्यास के दौरान दुर्घटना की एक काल्पनिक स्थिति तैयार की गई, जिसमें तीन कोचों को शामिल करते हुए दुर्घटना का दृश्य बनाया गया। इनमें दो स्लीपर कोच तथा एक जनरल कोच को दुर्घटनाग्रस्त दर्शाया गया। कोचों में रेलवे सांस्कृतिक अकादमी के कलाकारों तथा सिविल डिफेंस के स्वयंसेवकों को घायल एवं हताहत यात्रियों के रूप में शामिल किया गया। दुर्घटना राहत एवं बचाव अभ्यास की शुरुआत प्रातः 11.34 बजे हुई, जब ड्यूटी पर तैनात लोको पायलट/गार्ड द्वारा स्टेशन प्रबंधक को दुर्घटना की सूचना दी गई। सूचना मिलते ही रेलवे कंट्रोल को अवगत कराया गया और तत्काल दुर्घटना राहत चिकित्सा यान को भोपाल से घटनास्थल के लिए रवाना किया गया। साथ ही संबंधित रेलवे विभागों तथा जिला प्रशासन को भी सूचित किया गया। सूचना प्राप्त होते ही सिविल प्रशासन, पुलिस, फायर ब्रिगेड, 108 एम्बुलेंस सेवा तथा स्थानीय अस्पतालों के चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ भी घटनास्थल पर पहुंचे। राहत एवं बचाव दलों ने संयुक्त रूप से कार्य करते हुए दुर्घटनाग्रस्त कोचों से घायलों को सुरक्षित बाहर निकालने, प्राथमिक उपचार देने तथा उन्हें स्ट्रेचर की सहायता से एम्बुलेंस के माध्यम से नजदीकी अस्पताल (पीपुल्स अस्पताल) पहुंचाने का अभ्यास किया। अभ्यास के दौरान मंडल रेल प्रबंधक द्वारा आरपीएसएफ/आरपीएफ के उपकरणों एवं रेलवे की दुर्घटना राहत गाड़ी का निरीक्षण भी किया

## पशुपालन महाविद्यालय के विद्यार्थी किसानों को जैविक खेती के लिए करेंगे प्रेरित

**अनोखा तीर, हरदा।** जिला प्रशासन एवं निजी क्षेत्र के लाल बहादुर पशुपालन पत्रोपाधि महाविद्यालय के बीच जिले के किसानों को रासायनिक खेती से प्राकृतिक खेती की ओर अग्रसर करने के लिए कार्य करने का एमओयू किया गया है। जिसके तहत महाविद्यालय के प्रत्येक विद्यार्थी को पांच-पांच किसान आवंटित किए जाएंगे। ये विद्यार्थी आवंटित किसानों के बीच पहुंचकर उनको जैविक एवं प्राकृतिक खेती के लाभ बताएंगे। साथ ही रासायनिक खेती छोड़कर जैविक/प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे। गुरूवार को महाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर श्री जैन ने कहा कि विद्यार्थियों को कृषि विभाग के अधिकारियों एवं कृषि वैज्ञानिक द्वारा प्राकृतिक एवं जैविक खेती के लाभों के बारे में भलीभांति प्रशिक्षित किया जाए ताकि वे किसानों को इस संबंध में अच्छी तरह जागरूक कर सके। कलेक्टर ने कहा कि विद्यार्थियों को जिला प्रशासन द्वारा जैविक खेती जागरूकता के क्षेत्र में कार्य करने का प्रमाण-पत्र भी प्रदान किया जाएगा। इस कार्य का अगला चरण जिले को जैविक दुग्ध उत्पादन में अग्रणी बनाना भी होगा। विद्यार्थियों के इस उन्मुखीकरण कार्यक्रम में उप संचालक कृषि जे.एल. कास्दे, जैविक कृषक डॉ. शिवनारायण चाचरे, महाविद्यालय के संचालक राजीव खरे भी मौजूद थे।

## सार-समाचार

### सोसायटी फॉर प्राइवेट स्कूल डायरेक्टर्स का होली मिलन समारोह 15 मार्च को

**अनोखा तीर, हरदा।** प्राइवेट स्कूलों के संगठन सोसायटी फॉर प्राइवेट स्कूल डायरेक्टर्स जिला हरदा द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन 15 मार्च को किया जाएगा। यह कार्यक्रम शहर के पिनेकल स्कूल में आयोजित होगा, जिसमें जिले भर के निजी विद्यालयों के संचालक भाग लेंगे। संगठन के संस्थापक दीपक सिंह राजपूत ने जानकारी देते हुए बताया कि इस होली मिलन समारोह में हरदा जिले के लगभग 250 निजी स्कूल संचालक शामिल होंगे। कार्यक्रम सुबह 9.30 बजे सरस्वती पूजन से प्रारंभ होगा और विभिन्न गतिविधियों के साथ शाम 4 बजे तक चलेगा। यह आयोजन सोसायटी फॉर प्राइवेट स्कूल डायरेक्टर्स की हरदा जिला इकाई द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम में संगठन के जिला अध्यक्ष नवीन पांडे सहित सभी पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहेंगे। होली मिलन समारोह के दौरान संचालकों के बीच आपसी परिचय, विचार-विमर्श तथा होली की शुभकामनाओं का आदान-प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य निजी विद्यालयों के संचालकों के बीच समन्वय, सहयोग और संगठन की एकता को और मजबूत करना है।

### भंवरदी माल में हुई कृषक संगोष्ठी

**अनोखा तीर, हरदा।** कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा आगा खान एनजीओ के साथ मिलकर गुरूवार को तहसील खिरकिया के ग्राम भंवरदी माल में कृषक महिला संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में लगभग 250 कृषक एवं कृषक महिलाओं ने अपनी भागीदारी की। इस दौरान कृषक महिलाओं को स्वरोजगार के लिये प्रेरित करने हेतु घरेलू स्तर पर तैयार की जाने वाली विभिन्न सामग्री जैसे हवन कंडा, गुलकंद, गेहूं से बायोडिग्रेडेबल स्ट्रॉ, लू हेतु स्थानीय स्तर पर उपलब्ध सामग्री से तैयार उत्पाद आदि के बारे में जानकारी




दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रानू पटेल उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में श्री शिवनारायण गुर्जर, महिला एवं बाल विकास विभाग से श्रीमती सरिता सरयम, जनपद सदस्य श्रीमती तेजल ऊईके, सरपंच श्रीमती रामकली बाई, सहायक प्रबंधक आजीविका किशन पवार, पशुपालन विभाग से राहुल, उद्यानिकी विभाग से सुरेश बुंदेला, नीलेश पटेल पीएसएके आरएस पीआई, एकेआरएसपीआई खंडवा से नीलेश पटेल व अंबुज, सरपंच जूनापानी मोजी राम, आगा खान संस्था खिरकिया से मनमोहन पाली, रीजनल मैनेजर खंडवा रामकृष्ण महाजन, सिनर्जी संस्था हरदा से निर्मला जाट एवं कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार बंकोलिया उपस्थित थे। इस दौरान पशु सखियों व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शनी लगाई। कार्यक्रम के दौरान कृषक महिलाओं ने आदिवासी नृत्य एवं आदिवासी परंपरागत ज्ञान से परिचित कराया।

### खड़ा स्थापना के साथ शुरु हुआ नौ दिवसीय गणगौर उत्सव

**अनोखा तीर, मसनगांव।** ग्राम में नौ दिवसीय गणगौर उत्सव की शुरुआत खड़ा स्थापना के साथ हुई। चैत्र वदी नवमी से शुरू हुआ यह उत्सव अमावस्या के बाद तक चलेगा। गणगौर स्थापना के साथ ही महिलाओं द्वारा गोरनी बनकर माता की पूजा की जाएगी। गुरुवार सुबह होलिका दहन स्थल से मिट्टी लाकर खड़ा स्थापना की गई। खेड़ापति हनुमान मंदिर के पास



आकर्षक पंडाल सजाकर गणगौर उत्सव की शुरुआत की गई, जिसके साथ ही माता की आराधना का दौर शुरू हो गया है। खड़ा स्थापना के बाद महिलाएं दिन में पारंपरिक खेल खेल रही हैं, वहीं शाम के समय भजन मंडलियां झालरा नृत्य की प्रस्तुति दे रही हैं। घट स्थापना के पश्चात 19 मार्च को माता को पाठ बिठाया जाएगा तथा मंडप बनाया जाएगा। 20 मार्च को विसर्जन एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा। रात्रि में विभिन्न गणगौर मंडलों द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। कमलेश बांके ने बताया कि नौ दिवसीय गणगौर उत्सव की शुरुआत के लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। शाम से ही पंडालों में भजन मंडलियों का आना शुरू हो चुका है, जो झालरा नृत्य के साथ गणगौर नृत्य की प्रस्तुति देंगे।



## सतत विकास में सक्रिय भागीदार बनें प्रस्फुटन समितियां

**अनोखा तीर, हरदा।** मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, मध्यप्रदेश शासन, विकासखंड हरदा जिला हरदा द्वारा सेक्टर स्तरीय ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों का एक दिवसीय क्षमता वृद्धि प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम नवांकुर समिति नवोदय आरोग्यम वेलफेयर सोसायटी के माध्यम से संपन्न हुआ। विकासखंड समन्वयक राकेश वर्मा ने ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के प्रतिनिधियों एवं नवांकुर सखियों को बताया कि ग्राम में पर्यावरण संरक्षण के लिए नर्सरी स्थापना करना तथा युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के माध्यम से ग्राम के 12वीं के बाद पढ़ाई छोड़ चुके युवक-युवतियों को बीएसडब्ल्यू तथा स्नातक के बाद एमएसडब्ल्यू की पढ़ाई करने का अवसर भी जनअभियान परिषद उपलब्ध कराता है। परामर्शदाता संजय ढाटे ने संस्था पंजीकरण की प्रक्रिया की जानकारी दी। कार्यक्रम में नवोदय आरोग्यम वेलफेयर सोसायटी से अध्यक्ष बसंत उमरिया, सचिव प्रहलाद नागवे, परामर्शदाता सुरेन्द्र चौहान तथा प्रस्फुटन समिति बूंदड़ा, मिर्जापुर, कमाताडा, झड़पा नवीन से दीपक सोलंकी, रेवाराम सोलंकी, हरिराम, प्रीतम सेठी, विजय सेजकर, दीपांशु सोनी, तृप्ती ढोकिया, मयंक उमरिया उपस्थित रहे।



## शासकीय छात्रावासों में प्रवेश प्रक्रिया शुरु

### -30 मार्च तक ऑनलाइन करना होगा आवेदन

**अनोखा तीर, हरदा।** राज्य शिक्षा केंद्र, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा संचालित शासकीय छात्रावासों में वर्ष 2026 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। इस वर्ष विभाग ने प्रवेश प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन कर दिया है। इसके लिए एजुकेशन पोर्टल 3.0 के माध्यम से विशेष ई-हॉस्टल प्रबंधन प्रणाली विकसित की गई है। संचालक राज्य शिक्षा केंद्र हरजिंदर सिंह ने बताया कि प्रदेश में संचालित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों तथा नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालिका एवं बालक छात्रावासों में विशेष रूप से वंचित वर्ग के बालक-बालिकाओं को उच्च प्राथमिक स्तर की शिक्षा के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से पारदर्शी ऑनलाइन प्रवेश प्रणाली प्रारंभ की गई है। संचालक श्री सिंह ने बताया कि ई-हॉस्टल प्रबंधन प्रणाली एक समेकित डिजिटल प्लेटफॉर्म है, जिसे आवासीय विद्यालयों एवं छात्रावासों में प्रवेश प्रक्रिया, सीट आवंटन, अभिलेख संधारण और प्रशासनिक कार्यों को ऑनलाइन एवं पारदर्शी तरीके से संचालित करने के लिए विकसित किया गया है। ई-हॉस्टल प्रबंधन प्रणाली विशेष रूप से कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस बालक/बालिका छात्रावासों के पारदर्शी प्रबंधन और उनमें प्रवेश की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विकसित की गई है। छात्रावासों में कक्षा 6वीं एवं अन्य कक्षाओं की रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए विद्यार्थी प्रथम चरण में 30 मार्च 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रथम चरण के बाद सीट्स रिक्त रहने की स्थिति में द्वितीय चरण के आवेदन की प्रक्रिया शुरू होगी। यह 6 अप्रैल से 10 जून 2026 तक चलेगी। छात्रावासों में विशेष रूप से ऐसे बच्चों को प्रवेश दिया जाता है, जो रेलवे स्टेशन एवं बस स्टैंड के प्लेटफॉर्म पर रहने वाले, पन्नी बीनने वाले, पलायन करने वाले परिवारों के बच्चे, घर से भटके हुए बच्चे, विमुक्त (डिनोटीफाइड ट्राइब्स) एवं प्रिमिटिव ट्राइबल परिवारों के बच्चे और वन ग्राम पट्टाधारी परिवारों के बच्चों को आवासीय सुविधाएं प्रदान कर शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़कर प्रारंभिक शिक्षा पूर्ण कराई जाती है।

### हर्षोल्लास से मनाया भगवान श्री 1008 आदिनाथ स्वामी का जन्म कल्याणक महोत्सव

## जैन समाज ने किए धार्मिक आयोजन



**अनोखा तीर, हरदा।**

जैन धर्म प्रवर्तक, प्रथम जैन तीर्थंकर भगवान श्री 1008 आदिनाथ स्वामी के जन्म कल्याणक के अवसर पर दिगम्बर जैन समाज द्वारा विश्व कल्याण की भावना के साथ विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर 108 कलशों से भगवान श्री 1008 आदिनाथ स्वामी का अभिषेक किया गया तथा चौंसठ ऋद्धि-सिद्धि दीपकों के साथ भक्ताम्बर महा मंडल विधान की पूजा-अर्चना की गई। साथ ही अखंड भक्ताम्बर पाठ का आयोजन भी किया गया। जैन समाज हरदा के अध्यक्ष सुरेंद्र जैन एवं कोषाध्यक्ष राजीव जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि जैन धर्म अनादि-अनंत है। जैन धर्म के वर्तमान शासन नायक भगवान श्री 1008 महावीर स्वामी के पूर्व भी तेईस तीर्थंकर हुए हैं, जिनमें प्रथम तीर्थंकर भगवान श्री 1008 आदिनाथ स्वामी हैं। उन्होंने बताया कि जैन धर्म के प्रवर्तक, सृष्टि को असि, मसि, कृषि, विद्या, शिल्प और वाणिज्य का ज्ञान प्रदान करने वाले तथा जैन सिद्धांत को समूचे प्राणी जगत में प्रतिपादित करने वाले वर्तमान चौबीसी तीर्थंकर परंपरा के प्रथम तीर्थंकर आदि ब्रह्मा देवाधिदेव श्री 1008 श्री



ऋषभदेव आदिनाथ भगवान के जन्म कल्याणक महोत्सव पर जैन समाज द्वारा अनेक धार्मिक आयोजन स्थानीय श्री दिगम्बर जैन मंदिर खेड़ीपुरा में आयोजित किए गए। समाज के सचिव राहुल जैन ने बताया कि आदिनाथ भगवान के जन्म कल्याणक के उपलक्ष्य में 24 घंटे का अखंड भक्ताम्बर पाठ आयोजित किया गया था। प्रातःकाल में श्रीजी का अभिषेक एवं शांतिधारा कर भक्ताम्बर मंडल विधान की पूजा की गई। अखंड भक्ताम्बर मंडल विधान के पुण्यार्जक सरोज बड़जात्या परिवार रहे। प्रथम कलश का सौभाग्य पवित्र, प्रतीक बड़जात्या परिवार को प्राप्त हुआ। प्रथम शांतिधारा का सौभाग्य अंकित पवन सिंघई परिवार को मिला। रजत कलश का सौभाग्य संजय कठनेरा, अभिषेक बड़जात्या, महेन्द्र पाटनी और आलोक बड़जात्या को प्राप्त हुआ। सुबह प्रतीक, पवित्र अनिल बड़जात्या द्वारा प्रभावना का वितरण किया गया। शांतिधारा, अभिषेक तथा भक्ताम्बर मंडल विधान जैन समाज के पुजारी मनोज जैन द्वारा संपन्न कराया गया। संध्याकालीन कार्यक्रम की जानकारी देते हुए महिला परिषद अध्यक्ष श्रीमती रेखा अजमेरा ने बताया कि मंदिर में संध्याकाल महाआरती का आयोजन किया गया तथा महिला परिषद के सौजन्य से पालना झुलाने का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

## कार की टक्कर से दो बाइक सवार सहित चार लोग घायल

**अनोखा तीर, करताना।** बुधवार रात करीब 9 बजे छीपानेर की ओर से हरदा की तरफ आ रही एक कार ने मलगांव तजपुरा के पास दो मोटरसाइकिलों को टक्कर मार दी। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना पुलिस चौकी करताना को दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को डायल 112 एवं पुलिस चौकी के वाहन से जिला अस्पताल भेजा गया। जानकारी के अनुसार मोटरसाइकिल चालक अर्जुन राजपूत एवं नितेश पिता बाबूलाल जाति राजपूत उम्र 22 साल निवासी शमशाबाद मोटरसाइकिल से करताना से तजपुरा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही कार के चालक ने तेज एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से दोनों सड़क पर गिर गए, जिससे अर्जुन को दोनों पैरों, पसलियों एवं बाएं हाथ में चोट आई, वहीं नितेश को सिर, गर्दन, बाएं हाथ और बाएं पैर में गंभीर चोटें आई हैं। टक्कर के बाद कार चालक ने वाहन नहीं रोका और आगे बढ़ते हुए एक अन्य मोटरसाइकिल को भी टक्कर मार दी।

## ग्रामीण विकास कार्यों की समीक्षा

### -समयसीमा में योजनाओं के क्रियान्वयन के निर्देश

**अनोखा तीर, हरदा।** जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अंजली जोसेफ ने गुरुवार को जनपद पंचायत खिरकिया में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने वीबीजी रामजी योजना के अंतर्गत छह सप्ताह में आयोजित की जाने वाली गतिविधियों का पंचायत स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा एक बगिया मां के




नाम योजना के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही आगामी जल गंगा अभियान 2026 की पूर्व तैयारी कर विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने को कहा। उन्होंने बताया कि 19 मार्च से जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक-एक जल संरचना पर जनसहयोग से अभियान की शुरुआत की जाएगी। सीईओ ने पिछले वर्ष के जल गंगा संवर्धन अभियान के अपूर्ण कार्यों को शीघ्र पूरा कर जल संचय पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत वॉश ऑन व्हील, व्यक्तिगत शौचालय निर्माण तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर के लिए उपयुक्त स्थलों का चयन कर प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने बताया कि 8 मार्च से 22 मार्च 2026 तक जिले में ओडीएफ प्लस मॉडल ग्राम सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है, जिसके तहत जनपद स्तर से गठित दलों द्वारा ग्रामों का सत्यापन किया जाएगा। चिन्हित पंचायतों में कचरा और प्लास्टिक कलेक्शन की व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा वॉश ऑन व्हील के लिए ऑनलाइन मोबाइल ऐप के माध्यम से मांग दर्ज कर पूर्ति करने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में पंचायतों के अधिरोपित करारोपण की वसूली, पंचायत दर्पण पोर्टल पर एंट्री, ग्राम पंचायतों के बकाया विद्युत बिलों का भुगतान तथा अनुपयोगी बिजली कनेक्शन बंद कराने के निर्देश दिए गए। साथ ही मनरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के सभी हितग्राहियों का ई-केवाईसी कराने और सीएम हेल्पलाइन शिकायतों का संतुष्टि के साथ निराकरण प्राथमिकता से करने को कहा गया। बैठक में अनुपस्थित रहने पर ग्राम पंचायत जिनबानिया, वमनगांव, नागवमाल और लोलांगरा के सचिवों सहित 11 रोजगार सहायकों को कारण बताओ नोटिस जारी कर एक दिन का वेतन काटने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में जनपद पंचायत खिरकिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संजय इवने सहित जनपद एवं जिला पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।


### जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारी पक्षकार श्रीमती मीना साडीवाल पुत्री स्व. श्री रामोतारजी साडीवाल पति श्री सूर्यकांत चौहान हाल निवास सीताराम सिटी एमएच-6 भंडारा तह. व जिला भंडारा एमएस के स्व. पिताजी रामोतार पिता छोटेलाल साडीवाल के स्वत्व एवं मालिकी का एक मकान नजूल सिटी क्र. 09 भू.क्र. 186 रकबा 86.50 वर्गमीटर अन्नापुरा हरदा में स्थित है। उक्त संपत्ति में हमारी उपरोक्त पक्षकार का 1/6 भागांश का हक व हिस्सा है। हमारी पक्षकार को विश्वस्त सूत्रों से ज्ञात हुआ है कि उनके स्व. भाई सुरेश साड़ीवाल के वारसानों द्वारा हमारी पक्षकार की पीठ पीछे उक्त संपत्ति पर अवैधानिक रूप से अपना नाम दर्ज कराकर उक्त संपत्ति का अवैधानिक विक्रय एवं अंतरण करना चाहते हैं। यदि वह ऐसा करते हैं तो ऐसा विक्रय व अंतरण प्रारंभ से ही शून्य होकर हमारी पक्षकार पर बंधनकारी नहीं रहेगा।

**दिनांक 12.03.26**

**भवदीयः- अजयसिंह राजपूत**
**अधिवक्ता 33, सुभाष वार्ड,**
**हरदा मो. नं. 9926391199**


### हेल्प लाईन नंबर

| | |
|---|---|
| सीएम हेल्प लाईन | 181 |
| पुलिस | 112 |
| फायर बिग्रेड | 101 |
| एम्बुलेन्स | 108 |
| चाईल्ड हेल्प लाईन | 1098 |
| किसान कॉल सेंटर | 18001801551 |
| विद्युत शिकायत | 18002331912 |
| विद्युत सेवा | 1912 |
| पशु सेवा | 1962 |
| पुलिस सेवा | 112-100 |
| अग्नि सेवा | 101 |
| एम्बुलेन्स सेवा | 102 |
| यातायात पुलिस | 103 |
| आपदा प्रबंधन | 108 |
| चाईल्ड लाईन | 1098 |
| रेलवे पूछताछ | 139 |
| भ्रष्टाचार विरोधी | 1031 |
| रेल दुर्घटना | 1072 |
| सड़क दुर्घटना | 1073 |
| सीएम सहायता लाईन | 1076 |
| क्राईम सटायर | 1090 |
| महिला सहायता | 1091 |
| पृथ्वी भूकंप | 1092 |
| बाल शोषण सहायता | 1098 |
| किसान कॉल सेंटर | 1098 |
| नागरिक कॉल सेंटर | 155300 |

## सड़क पर बाइक चढ़ाने के दौरान दुर्घटना के शिकार हो रहे वाहन चालक

**अनोखा तीर, मसनगांव।** नर्मदापुरम-खंडवा स्टेट हाईवे पर सड़क और साइड सोल्डर के बीच अधिक अंतर होने के कारण दोपहिया वाहन चालक दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं। गुरुवार शाम करीब 7.30 बजे मसनगांव से हरदा की ओर जा रहा एक बाइक सवार मक्खन भोग ढाबे के पास साइड देने के दौरान सड़क से नीचे उतर गया। जब वह दोबारा बाइक को सड़क पर चढ़ाने लगा तो संतुलन बिगड़ने से गिर पड़ा। गनीमत रही कि उस समय आगे-पीछे से कोई वाहन नहीं आ रहा था, अन्यथा बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। क्षेत्र में इस तरह की स्थिति रोजाना बन रही है। स्टेट हाईवे की सड़क के दोनों ओर साइड सोल्डर नीचे बैठ जाने से कई स्थानों पर सड़क और साइड पट्टी के बीच 6 इंच से लेकर 1 फीट तक का अंतर बन गया है। सड़क निर्माण विभाग द्वारा साइड सोल्डर में मुरम डालने के बजाय समतल करने वाली मशीन से मिट्टी खुरचकर लेवल बना दिया जाता है, जो कुछ दिनों बाद फिर बैठ जाती है। इससे सड़क और



साइड सोल्डर के बीच दोबारा अंतर हो जाता है। क्षेत्रवासियों ने सड़क निर्माण विभाग से सड़क के दोनों ओर साइड सोल्डर में मुरम भराई कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि दोनों ओर सीसी सड़क का निर्माण किया जाए तो सड़क की चौड़ाई बढ़ सकती है और वाहन चालकों को राहत मिल सकती है, लेकिन विभाग नई सड़क बनने का इंतजार कर रहा है। हरदा से छिपाबाद तक स्टेट हाईवे पर कई स्थानों पर सड़क की स्थिति खराब बनी हुई है। विभाग द्वारा पैबंद लगाने का कार्य किया जा रहा है, लेकिन व्यवस्थित मरम्मत न होने के कारण कुछ ही दिनों में गड्ढे फिर उभर आते हैं। इससे दोपहिया वाहन चालक गिरकर चोटिल हो रहे हैं, वहीं चारपहिया वाहनों को भी नुकसान पहुंच रहा है। स्टेट हाईवे की सड़क की चौड़ाई भी वाहनों की संख्या के हिसाब से कम पड़ने लगी है। रात्रि के समय आमने-सामने से वाहन आने पर तेज रोशनी के कारण छोटे वाहन चालक अक्सर सड़क से नीचे उतर जाते हैं।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, एवं पंजीयक लोक न्यास अनुभाग - हरदा जिला हरदा (म.प्र.)**

रा.प्र.क्र.- /बी-113(4) /वर्ष 2025-26
ग्राम-हरदाखास नजूल क्षेत्र, तहसील हरदा

**श्री कपिल अग्रवाल पिता श्री रामनारायण अग्रवाल निवासी वार्ड क्रमांक 05 नरसिंह वार्ड हरदा तहसील हरदा जिला हरदा म.प्र. व अन्य**

**- आवेदकगण**

**बनाम**

**सर्वसाधारण -**

**// ईश्तहार//**

जरिए ईश्तहार हरदा व मौजा हरदाखास एतद् द्वारा आपको सूचित किया जाता है, कि श्री कपिल अग्रवाल पिता श्री रामनारायण अग्रवाल निवासी वार्ड क्रमांक 05 नरसिंह वार्ड हरदा तहसील -हरदा जिला हरदा म.प्र. व अन्य के द्वारा न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत कर शहर हरदा के ट्रस्ट क्रमांक 089/वर्ष 1955 पूर्व में दर्ज सदस्योगणो श्री अरविन्द अग्रवाल पिता बालकृष्ण अग्रवाल एवं श्री कमलकांत पिता राधाकिशन गोयल की मृत्यु हो जाने से उनके नाम विलोपित करने एवं नवीन पदाधिकारियों के नाम दर्ज करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है जो निम्नानुसार है-

1. आशीष पिता स्व. अरविन्द अग्रवाल निवासी हरदा सदस्य/ ट्रस्टी
2. संजय पिता स्व. कमलकांत गोयल निवासी हरदा सदस्य/ ट्रस्टी
3. शुभम पिता डॉ. श्याम बंसल निवासी हरदा सदस्य / ट्रस्टी
4. अमित पिता स्व. श्री अशोक अग्रवाल निवासी हरदा सदस्य / ट्रस्टी

उक्तानुसार ट्रस्ट पंजी में नाम संशोधन दर्ज करने में किसी संस्था/व्यक्ति को आपति हो तो वह पेशी दिनांक 01/04/2026 को तक अनुविभागीय अधिकारी राजस्व एवं पंजीयक लोक न्यास अनुभाग हरदा के न्यायालय प्रस्तुत कर सकता है, बाद म्याद गुजरने के प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं आवेदन का नियमानुसार निराकरण कर दिया जावेगा।

- इश्तहार आज दिनांक 01/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर उपरांत मेरी पदमुद्रा एवं न्यायालय की मोहर लगाकर जारी किया जाता है।

**अनुविभागीय अधिकारी एवं पंजीयक लोक न्यास अनुभाग-हरदा**

# संपादकीय

# ग्रामीण अब भी गंदा पानी पीने को मजबूर

इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि जिस दौर में विज्ञान और तकनीक के मामले में नई ऊंचाइयां छूने का दावा किया जा रहा है, उसमें आज भी करोड़ों लोगों को पीने का साफ पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा। अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि देश में जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण परिवारों को उपलब्ध कराए जा रहे पीने योग्य नल-जल की सुविधा के तिहत्तर फीसद दूषित नमूनों पर उपचारात्मक उपाय नहीं हो पाया। यानी देश में बड़ी तादाद में ऐसे लोग हैं, जिन्हें आज भी स्वच्छ पेयजल नहीं मिल पा रहा है। सवाल है कि विकास की यह कौन-सी दिशा है, जिसमें पीने के साफ पानी की अनुपलब्धता से जुड़ी समस्या की इस हद तक अनदेखी की जा रही है कि आज यह व्यापक संकट का एक बड़ा कारण बनता दिख रहा है।

राज्यों की भागीदारी से वर्ष 2019 में जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल मुहैया कराने का कार्यक्रम शुरू किया गया। मगर देश भर में लोगों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने के प्रबंधन में जिस स्तर की कोताही बरती जा रही है, कहीं वह आने वाले समय में एक गंभीर स्वास्थ्य चुनौती की शक्ल में न सामने आए।

गौरतलब है कि वर्ष 2025-26 में जल जीवन मिशन के तहत उपलब्ध कराए जा रहे पेयजल की गुणवत्ता की जांच के लिए चौंतीस राज्य और केंद्रशासित प्रदेशों से आए पानी के नमूनों की जांच की गई। जांच के बाद दूषित पाए गए कुल नमूनों में से केवल 26.31 फीसद पर ही उपचारात्मक उपाय किए जा सके।

दरअसल, जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण परिवारों के घरों तक पहुंचाए जा रहे पानी की



गुणवत्ता को बनाए रखने के लिए पेयजल के नमूने को संग्रह कर उनकी जांच की जाती है। जांच में अगर कहीं का पानी दूषित पाया जाता है, तो वहां जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की जाती है। अव्वल तो सवाल यह है कि पेयजल को स्वच्छ रखने के लिए क्या किया गया। फिर अगर कुल दूषित नमूनों में से तिहत्तर फीसद पर उपचारात्मक उपाय भी नहीं किए जा सके, तो क्या इसके लिए जिम्मेदारी तय की गई? क्या ऐसी ही लापरवाही की वजह से शहरों-महानगरों से लेकर ग्रामीण इलाकों तक में लोगों के घरों तक पहुंचाए जाने वाले पेयजल के दूषित होने की समस्या और ज्यादा नहीं बढ़ती जा रही है? यह छिपा नहीं है कि आज देश के कई हिस्सों में लोग गंदा पानी पीने और उससे उपजी बीमारियों की चुनौती का सामना करने को मजबूर हैं। ज्यादा दिन नहीं बीते हैं, जब देश भर में सबसे स्वच्छ माने जाने वाले शहर इंदौर में दूषित पेयजल के सेवन की वजह पंद्रह लोगों की मौत और कई लोगों के गंभीर रूप से बीमार पड़ने की खबर देश भर में चिंता का कारण बनी थी। मगर इंदौर कोई अकेला शहर नहीं है, जहां पेयजल खतरनाक स्तर तक दूषित हो गया। देश के अलग-अलग हिस्से से आए दिन गंदा पानी घरों तक पहुंचने या इसकी वजह से लोगों के बीमार पड़ने की खबरें आती रहती हैं। मगर शायद ही कभी पेयजल और सीवर के पाइप को सुरक्षित दूरी पर रखने की योजना पर ठोस तरीके से काम किया गया। पीने से लेकर खाना पकाने और नहाने जैसी रोजमर्रा की जरूरतों के लिए जिस पानी का उपयोग किया जाता है, उसका अधिकांश हिस्सा भूजल से आता है। अक्सर भूजल में आर्सेनिक, अमोनिया या अन्य जोखिम वाले तत्त्वों के बढ़ते जाने की रपट आती हैं। मगर इससे इतर हर घर जल अभियान के तहत जिस स्वच्छ पेयजल की आपूर्ति का दावा किया जाता है, अगर वह भी दूषित है, तो आखिर सरकार इस मोर्चे पर क्या कर रही है।

## चैटजीपीटी- मदद करने वाली मशीन या खतरनाक साजिश की चाबी




कृत्रिम मेधा पर आधारित चैटजीपीटी को एक सुविधा के तौर पर इसलिए देखा गया था, ताकि जानकारी जुटाने के मामले में लोगों को आसानी हो। मुश्किल और जटिल सवालों का जवाब वह इंसानों की तरह दे। उसने ऐसा किया भी। मगर इस बात पर शायद गौर नहीं किया गया था कि इसे जिस स्वरूप में तैयार किया गया है, उसमें इसका बेजा इस्तेमाल भी आसानी से किया जा सकता है। हालत यह है कि इसके दुरुपयोग की वजह से अब मनुष्य की मेधा ही नहीं, उसका जीवन भी खतरे में आ रहा है। हत्या और आत्महत्या के मामले में 'चैटबाट' के बढ़ते दुरुपयोग को गंभीरता से लेने की जरूरत है। हाल ही में कनाडा के एक स्कूल में हुई गोलीबारी में चैटजीपीटी के दुरुपयोग की खबर सामने आई है। इस घटना में बुरी तरह जख्मी एक छात्रा के माता-पिता ने मुकदमे में आरोप लगाया कि 'चैटबाट' बनाने वाली ओपनएआइ को पहले से मालूम था कि चैटजीपीटी के जरिए हमलावर सामूहिक हत्या की योजना बना रहा था। इस मामले में ओपनएआइ का हैरान करने वाला जवाब है कि उसने हमलावर की गतिविधियों पर विचार किया था, पर पुलिस को इसकी सूचना नहीं दी। इससे साबित होता है कि चैटजीपीटी का दुरुपयोग किस खतरनाक स्तर पर पहुंच चुका है। निराशा की बात है कि इस पर नियंत्रण के लिए कोई नियामक नहीं है। खास क्षमता से दक्ष चैटजीपीटी एक सलाहकार या सहयोगी की तरह काम करता है। यह व्यक्ति की मनोस्थिति के हिसाब से सवालों के जवाब देता है। हत्या या खुदकुशी के मामलों में इसके दुरुपयोग के कई मामले सामने आ चुके हैं। विचित्र बात है कि 'चैटबाट' गलत कदम उठाने को सही ठहरा देता है और अपनी या दूसरों की जान लेने के तरीके बता देता है। मगर इस तरह की गतिविधियों की निगरानी नहीं होती हो, ऐसा संभव नहीं है। कनाडा में हुई गोलीबारी के मामले में ओपनएआइ को हमलावर की गतिविधियों के बारे में पता था। अगर ऐसा है, तो समय रहते इसे रोकने के उपाय क्यों नहीं किए जा सकते हैं? तकनीक के सदुपयोग के साथ दुरुपयोग को रोकने की जवाबदेही तय नहीं की गई, तो आने वाले दिनों में इससे उपजने वाली स्थिति का बस अंदाजा ही लगाया जा सकता है।



-सुशील कुमार जैन
लेखक एवं स्तंभकार

# क्षणिक है बाज़ार का नशा, अमर है भक्ति और सेवा का नशा

नशा केवल शराब, सिगरेट, तंबाकू या चाय का ही नहीं होता।

इन सबसे कहीं अधिक खतरनाक नशा होता है - प्रतिष्ठा, पद, सम्मान, अहंकार और धन का।

कई बार मनुष्य को इनका नशा इतना घेर लेता है कि उसे स्वयं भी यह पता नहीं चलता कि वह नशे में है।

ख्याति, लाभ और पूजा के रूप में मिलने वाला यह नशा अत्यंत सूक्ष्म होता है। यह बाहर से दिखाई नहीं देता, पर भीतर से मनुष्य के विवेक को धीरे-धीरे अपने वश में कर लेता है। इसलिए इन सबके नशे से ऊपर उठना बहुत कठिन होता है।

मनुष्य के जीवन में नशा केवल शरीर को प्रभावित करने वाला पदार्थ नहीं है; नशा वह भी है जो मन और अहंकार को मदमस्त कर दे। शराब का नशा कुछ समय बाद उतर जाता है, परंतु अहंकार का नशा मनुष्य के विचारों, व्यवहार और दृष्टि को लंबे समय तक प्रभावित करता है।

जब किसी को पद मिल जाता है, प्रतिष्ठा मिल जाती है और लोग उसकी प्रशंसा करने लगते हैं, तब भीतर एक अदृश्य मद जन्म लेने लगता है। धीरे-धीरे मनुष्य को लगने लगता है कि वह दूसरों से श्रेष्ठ है। यही वह क्षण होता है जब विनम्रता का स्थान अहंकार लेने लगता है।

धन का नशा भी कुछ ऐसा ही है। धन मनुष्य के जीवन को सुविधा दे सकता है, परंतु जब वही धन स्वभाव को कठोर और दृष्टि को संकुचित कर देता है, तब वह नशे का रूप ले लेता है। मनुष्य भूल जाता है कि यह सब क्षणिक है। इतिहास गवाह है कि समय ने बड़े-बड़े साम्राज्यों, प्रतिष्ठाओं और पदों को पल भर में बदल दिया।

इसी प्रकार ख्याति और प्रशंसा का नशा भी बड़ा सूक्ष्म होता है। जब लोग बार-बार प्रशंसा करते हैं और सम्मान देते हैं, तब मनुष्य को लगने लगता है कि वही केंद्र है और सब कुछ उसी के चारों ओर घूम रहा है। परंतु सत्य यह है कि संसार किसी एक व्यक्ति के लिए नहीं रुकता।

मानव स्वभाव का एक रोचक पक्ष यह भी है कि कई बार मनुष्य को अपने नशे का ज्ञान ही नहीं होता।

उदाहरण के लिए, एक सुंदर युवती को अपनी सुंदरता पर स्वाभाविक रूप से गर्व होता है। धीरे-धीरे यह गर्व कई बार अभिमान का रूप ले लेता है। उसे लगता है कि उसकी सुंदरता स्थायी है और संसार उसी के आकर्षण के इर्द-गिर्द घूम रहा है। परंतु समय का नियम अटल है। जब उम्र का प्रभाव आता है और सौंदर्य की चमक धीरे-धीरे कम होने लगती है, तब उसे यह एहसास होता है कि जिस सुंदरता पर उसे इतना अभिमान था, वह भी क्षणभंगुर थी।



तब मन में एक प्रकार का आत्मबोध जन्म लेता है कि वास्तविक सौंदर्य बाहरी रूप में नहीं, बल्कि स्वभाव, विनम्रता और संस्कारों में होता है।

ठीक इसी प्रकार जब कोई व्यक्ति किसी बड़े पद पर पहुँच जाता है - चाहे वह कोई अधिकारी हो, नेता हो या किसी संस्था का प्रमुख - तो कई बार वह पद के नशे में इतना चूर हो जाता है कि उसे स्वयं इसका आभास भी नहीं होता। उसे लगता है कि यह पद, यह अधिकार और यह सम्मान हमेशा उसके साथ रहेगा।

लोग उसके सामने झुकते हैं, उसकी प्रशंसा करते हैं, उसकी हर बात को महत्व देते हैं - और धीरे-धीरे यह सब मिलकर पद का नशा बन जाता है।

परंतु जीवन का सत्य यह है कि पद स्थायी नहीं होते। समय आने पर वह पद छोड़ना पड़ता है - कभी नियम के कारण, कभी परिस्थितियों के कारण और कभी समय के स्वाभाविक परिवर्तन के कारण।

जब वह पद छूट जाता है, तब अचानक मनुष्य को महसूस होता है कि जिन लोगों की भीड़ उसके आसपास थी, वे धीरे-धीरे दूर होने लगते हैं। तब उसे यह एहसास होता है कि वह वास्तव में पद के नशे का आदी हो चुका था।

उस क्षण कई बार मनुष्य के हाथ में पछतावे के अलावा कुछ नहीं बचता।

वह सोचता है कि यदि पद के समय वह विनम्र रहता, लोगों से सच्चा संबंध बनाता और सेवा की भावना रखता, तो शायद जीवन का अनुभव कुछ और ही होता।

देखा जाए तो संसार का प्रत्येक नशा मनुष्य को बाहर की ओर ले जाता है, जबकि आत्मिक शांति का मार्ग भीतर की ओर जाता है। बाहर की वस्तुएँ जितनी बढ़ती हैं, मन उतना ही अधिक अस्थिर होता जाता है।

इसीलिए संतों और ऋषियों ने कहा है कि यदि नशा करना ही है तो ऐसा नशा करो जो मनुष्य को गिराए नहीं, बल्कि उसे ऊँचा उठाए।

नशा करना है तो भक्ति का नशा करो।

अपने आराध्य भगवान, परमात्मा और ईश्वर के प्रेम का नशा करो।

ऐसा नशा करो जिसमें अहंकार समाप्त हो जाए और विनम्रता जन्म ले।

ऐसा नशा करो जिसमें मनुष्य स्वयं को बड़ा नहीं, बल्कि ईश्वर की कृपा का पात्र समझने लगे।

गुरु-भक्ति का नशा मनुष्य को सही मार्ग दिखाता है। गुरु का स्मरण मन को संयम, विवेक और संतुलन प्रदान करता है। गुरु के प्रति श्रद्धा हमें यह सिखाती है कि ज्ञान का मार्ग अहंकार से नहीं, बल्कि विनम्रता से खुलता है।

इसी प्रकार माता-पिता की सेवा का नशा जीवन को पवित्र बना देता है। जिस जीवन में माता-पिता के प्रति कृतज्ञता और सेवा की भावना होती है, वहाँ संस्कार और करुणा स्वतः विकसित हो जाते हैं।

अपने उपकारियों के प्रति आभार का नशा भी मनुष्य को महान बनाता है। जो व्यक्ति अपने उपकारियों को याद रखता है, वह कभी अहंकारी नहीं बनता। उसके भीतर विनम्रता और संवेदना जीवित रहती है।

अंततः सच्चा जीवन वही है जिसमें मनुष्य को सत्ता, धन और प्रशंसा का नशा नहीं, बल्कि सेवा, भक्ति और करुणा का नशा हो।

क्योंकि संसार के सारे नशे मनुष्य को कुछ समय के लिए ऊँचा दिखा सकते हैं,

परंतु भक्ति का नशा मनुष्य को भीतर से ऊँचा बना देता है।

जीवन का सार यही है कि मनुष्य ऐसा मार्ग चुने जिसमें उसका अहंकार नहीं, बल्कि उसकी आत्मा जागृत हो।

जहाँ दिखावा नहीं, बल्कि समर्पण हो।

जहाँ प्रतिष्ठा का बोझ नहीं, बल्कि भक्ति की सरलता हो। जब जीवन में भक्ति, सेवा और कृतज्ञता का नशा आ जाता है, तब मनुष्य को बाहरी नशों की आवश्यकता ही नहीं रहती।

तब जीवन केवल जीया नहीं जाता -
वह साधना बन जाता है।

## आज का कार्टून




दृष्टिकोण



-डॉ. सुधाकर आशावादी

# प्रशासनिक व दक्षता परीक्षाओं में आरक्षण का औचित्य ?

भारतीय प्रशासनिक सेवाओं में चयन प्रतिभाशाली युवाओं का सपना होता है। प्रतिवर्ष सिविल सेवा परीक्षा के परिणाम घोषित होते ही संचार माध्यमों में युवाओं के प्रदर्शन पर आधारित सफलता का गुणगान होता है। जातीय और क्षेत्रीय आधार पर प्रतिभागियों की रैंक चर्चा का विषय बनती है तथा सीमित साधनों के उपरांत सामान्य तथा उपेक्षित परिवारों के प्रतिभाशाली युवा पीढ़ी के लिए प्रेरक व्यक्तित्व बन जाते हैं। समाचार पत्र व पत्रिकाएं सफल अभ्यर्थियों के साक्षात्कार प्रकाशित करके कठिन लक्ष्य प्राप्त करने कहानी प्रस्तुत करते हैं। कटु सत्य यही है कि विविध श्रेणियों के आरक्षण के उपरांत भी सामान्य वर्ग के प्रतिभाशाली युवा शीर्ष रैंक पाकर सफलता के शिखर को छूते हैं। जो इस परीक्षा में सफल नहीं हो पाते, वे पुनः इस परीक्षा में सफल होने के लिए गंभीर प्रयत्न करते हैं। इस परीक्षा में सफलता हेतु किए जाने वाले प्रयासों में गरीबी, अमीरी, जाति या धर्म आड़े नहीं आता। इतिहास साक्षी है कि ये परीक्षाएं विशुद्ध योग्यता के आधार पर प्रतिभाशाली उम्मीदवार का चयन करती रही हैं। विगत कुछ समय से दृष्टिगत हो रहा है, कि नाच न जाने आंगन टेढ़ा बताने वाले असफल उम्मीदवार या उनके हितैषी इस परीक्षाओं में भी भेदभाव का आरोप लगाने से परहेज नहीं करते। जब से सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से पिछड़े उम्मीदवारों के लिए दस प्रतिशत आरक्षण का विधान प्रभावी हुआ है तब से अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग के उम्मीदवारों को यह लगता है, कि सामान्य वर्ग के ईडब्लूएस श्रेणी के उम्मीदवार उनका हक़ छीन रहे हैं। ऐसे तत्व कभी परीक्षा में भेदभाव का आरोप लगाते हैं, कभी परीक्षा के एक अंग साक्षात्कार को अपने असफल होने का कारण बताते हैं। निसंदेह जिसे अपनी प्रतिभा पर भरोसा नहीं होता, वह अपनी असफलता का दोष औरों के मत्थे मढ़ता ही है। यूँ तो देश की शीर्ष प्रशासनिक तथा चिकित्सा सेवाओं में किसी भी प्रकार के आरक्षण का प्रावधान होना ही नहीं चाहिए, इन परीक्षाओं के आवेदन पत्रों में अभ्यर्थी की जाति का कॉलम भी नहीं होना चाहिए। परीक्षा से जुड़े साक्षात्कार में जाति पूछना या जाति बताना दंडनीय होना चाहिए, ताकि कोई भी असफल उम्मीदवार चयनकर्ताओं पर जातिगत भेदभाव का आरोप न लगा सके तथा जातीय आरक्षण के नाम पर प्रशासनिक व चिकित्सा सेवाओं को पंगु न बनाया जा सके।

# रूस पर प्रतिबंध लगाने वाले देश अब मास्को से मांग रहे गैस और तेल

हम आपको बता दें कि मध्य पूर्व में बढ़ते युद्ध के कारण वैश्विक तेल बाजार में जबरदस्त उथल पुथल देखने को मिल रही है। फारस की खाड़ी के प्रमुख समुद्री मार्ग हार्मुज जलडमरूमध्य से दुनिया के लगभग पांचवें हिस्से का तेल और गैस गुजरता है। जो यूरोप कल तक रूस पर कड़े प्रतिबंध लगा रहा था और उससे गैस तथा तेल खरीदने वाले देशों पर पेनल्टी लगाने की मांग करते हुए यूक्रेन के साथ खड़ा नजर आ रहा था, वही यूरोप अब मध्य पूर्व में संकट गहराते ही फिर से रूस की ओर देखने लगा है।

नीरज कुमार दुबे

दरअसल अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते संघर्ष तथा फारस की खाड़ी में तनाव के कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर खतरा मंडराने लगा है। ऐसे में ऊर्जा संकट से जूझता यूरोप रूस से गैस और तेल की संभावित आपूर्ति को लेकर नई चर्चा कर रहा है। इस पूरे घटनाक्रम ने अंतरराष्ट्रीय राजनीति और ऊर्जा बाजार दोनों में रूस को अप्रत्याशित लाभ की स्थिति में ला खडा किया है। हम आपको बता दें कि मध्य पूर्व में बढ़ते युद्ध के कारण वैश्विक तेल बाजार में जबरदस्त उथल पुथल देखने को मिल रही है। फारस की खाड़ी के प्रमुख समुद्री मार्ग हार्मुज जलडमरूमध्य से दुनिया के लगभग पांचवें हिस्से का तेल और गैस गुजरता है। ईरान से जुड़े तनाव और संभावित आपूर्ति बाधा की आशंका के कारण तेल की कीमतें तेजी से बढ़ गईं। सप्ताह की शुरुआत में अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमत प्रति बैरल सौ डॉलर से ऊपर पहुंच गई। बाद में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बयान के बाद कीमतों में कुछ गिरावट आई, फिर भी युद्ध से पहले की तुलना में तेल करीब सत्ताइस प्रतिशत महंगा बना हुआ है। ऊर्जा विशेषज्ञों का मानना है कि इस स्थिति का सबसे बड़ा आर्थिक लाभ रूस को मिल सकता है। रूस पहले से ही दुनिया के सबसे बड़े तेल



निर्यातकों में शामिल है। यूक्रेन युद्ध के बाद पश्चिमी देशों ने उस पर कठोर आर्थिक प्रतिबंध लगाए थे, लेकिन अब ऊर्जा बाजार में उथल पुथल के कारण इन प्रतिबंधों का प्रभाव कम होता दिखाई दे रहा है। ऊंची कीमतों के कारण रूस को अपने तेल निर्यात से अधिक राजस्व मिलने की संभावना है, जिससे उसकी अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल सकती है।

अमेरिका ने भारत को भी कथित रूप से अस्थायी छूट देते हुए रूसी कच्चा तेल खरीदने की अनुमति दी है। इस निर्णय के बाद रूस के तेल निर्यात में तेजी आई है। पहले जहां रूसी तेल लगभग पचास डॉलर प्रति बैरल के आसपास बिक रहा था, वहीं अब इसकी कीमत करीब नब्बे डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई है। इससे रूस को राजस्व में भारी बढ़ोतरी मिल रही है। ऊर्जा बाजार के आंकड़े बताते हैं कि समुद्र में टैंकरों पर जमा रूसी तेल का भंडार भी तेजी से कम हो रहा है, जिससे स्पष्ट है कि खरीदार देशों तक आपूर्ति तेजी से पहुंच रही है। फरवरी के अंत तक जहां टैंकरों में लगभग एक सौ बत्तीस मिलियन बैरल रूसी तेल जमा था, वहीं अब यह घटकर करीब एक सौ अठारह मिलियन बैरल रह गया है। इसका अर्थ है कि वैश्विक बाजार में रूसी तेल की मांग फिर बढ़ने लगी है। यदि मध्य पूर्व में संघर्ष लंबा चलता है और खाड़ी क्षेत्र से तेल निर्यात बाधित होता है तो रूस को अरबों डॉलर का अतिरिक्त राजस्व मिल सकता है। विशेषज्ञों का अनुमान है कि ऊंची कीमतों और आपूर्ति संकट के चलते रूस को आय में कई अरब डॉलर का अतिरिक्त लाभ हो सकता है।

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने भी संकेत दिया है कि यदि यूरोपीय देश राजनीतिक दबाव से मुक्त होकर दीर्घकालिक सहयोग चाहते हैं तो रूस उन्हें फिर से तेल और गैस आपूर्ति करने को तैयार है। पुतिन का कहना है कि रूस ने कभी यूरोप के साथ ऊर्जा सहयोग से इंकार नहीं किया, लेकिन यूक्रेन युद्ध के बाद यूरोप ने स्वयं रूसी ऊर्जा पर निर्भरता कम करने का निर्णय लिया था।

हम आपको बता दें कि यूक्रेन युद्ध से पहले यूरोप अपनी गैस जरूरतों का चालीस प्रतिशत से अधिक हिस्सा रूस से खरीदता था। लेकिन प्रतिबंधों और वैकल्पिक स्त्रोतों की खोज के कारण यह हिस्सा घटकर वर्ष 2025 तक लगभग तेरह प्रतिशत रह गया। यूरोपीय संघ ने समुद्री मार्ग से आने वाले रूसी तेल पर प्रतिबंध लगा दिया था और कई पाइपलाइन मार्ग भी बंद हो गए थे।

हालांकि मौजूदा संकट में स्थिति बदलती दिखाई दे रही है। यूरोप ने अभी तक रूसी तरल प्राकृतिक गैस पर पूर्ण प्रतिबंध लागू नहीं किया है और प्रस्तावित योजना के अनुसार इसे 2027 तक धीरे धीरे समाप्त किया जाना है। इस कारण यूरोप के कुछ देश आपूर्ति संकट की स्थिति में फिर से रूसी गैस खरीदने पर विचार कर सकते हैं।

फिर भी रूस की क्षमता पूरी तरह असीमित नहीं है। वर्षों से लगे प्रतिबंधों और यूक्रेन से हुए हमलों के कारण उसकी ऊर्जा अवसंरचना के कुछ हिस्सों को नुकसान पहुंचा है। इसके अलावा जहाजरानी और बीमा से जुड़ी बाधाएं भी रूसी निर्यात को सीमित करती हैं। वैसे रूस का अधिकांश तेल फिलहाल भारत और चीन जैसे सीमित खरीदारों को ही जा रहा है।

इसके बावजूद मौजूदा वैश्विक परिस्थिति का सामरिक महत्व बहुत बड़ा है। मध्य पूर्व में युद्ध ने यह स्पष्ट कर दिया है कि ऊर्जा आपूर्ति पर नियंत्रण अंतरराष्ट्रीय राजनीति का सबसे महत्वपूर्ण हथियार बना हुआ है। रूस के पास विशाल तेल और गैस भंडार हैं और संकट के समय यह उसे आर्थिक और कूटनीतिक दोनों तरह का प्रभाव प्रदान करते हैं।

दूसरी ओर यूरोप के सामने भी एक कठिन विकल्प खड़ा हो गया है। यदि मध्य पूर्व से ऊर्जा आपूर्ति बाधित होती है तो उसे अपने पुराने ऊर्जा स्त्रोत यानी रूस की ओर फिर से देखना पड़ सकता है। इस प्रकार मध्य पूर्व का युद्ध केवल क्षेत्रीय संघर्ष नहीं रह गया है, बल्कि यह वैश्विक ऊर्जा संतुलन और भू राजनीतिक शक्ति समीकरण को भी नए सिरे से आकार दे रहा है।

## सार-समाचार

### कबड्डी-खो-खो की ब्लॉक स्तरीय चयन स्पर्धा संपन्न

**अनोखा तीर, खरगोन।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा पारंपरिक खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ओपन वर्ग की कबड्डी और खो-खो प्रतियोगिता की ब्लॉक स्तरीय चयन स्पर्धा शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय झिरन्या के खेल मैदान में आयोजित की गई। स्पर्धा में ग्रामीण क्षेत्र के बालक और बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। चयनित टीमें 17 मार्च 2026 को प्रातः 10 बजे खरगोन स्टेडियम में आयोजित



जिला स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विजेता टीम को 11 हजार रुपए, द्वितीय स्थान पर 5,100 रुपए, तृतीय स्थान पर 2,100 रुपए तथा चतुर्थ और पंचम स्थान प्राप्त करने वाली टीमों को 1,100-1,100 रुपए की सांत्वना राशि प्रदान की जाएगी। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों में अनुशासन, खेल भावना और उत्साह देखने को मिला। आयोजन ग्रामीण क्षेत्रों में छिपी खेल प्रतिभाओं को आगे लाने और युवाओं में पारंपरिक खेलों के प्रति रुचि बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

### पीजी कॉलेज में संभाग स्तरीय शिक्षक-कर्मचारी खेल प्रतियोगिता संपन्न

**अनोखा तीर, खरगोन।** उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित संभाग स्तरीय शिक्षक-कर्मचारी खेल प्रतियोगिता 11 मार्च को शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरगोन में सम्पन्न हुई। प्रतियोगिता में शतरंज, बैडमिंटन और टेबल टेनिस के मुकाबले महिला और पुरुष वर्ग में आयोजित किए गए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी पवी दुबे रहीं। प्रतियोगिता में क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय से संबद्ध खंडवा,



खरगोन, बड़वानी, अलीराजपुर और बुरहानपुर जिलों के आठ महाविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। आयोजन महाविद्यालय का प्रदर्शन भी सराहनीय रहा। परिणामों में बैडमिंटन पुरुष वर्ग में शासकीय महाविद्यालय निवाली विजेता रहा, जबकि टेबल टेनिस और शतरंज पुरुष वर्ग में शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरगोन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता के बाद राज्य स्तरीय खेलों के लिए संभागीय दल का चयन किया गया। समापन समारोह में प्राचार्य जीएस चौहान ने विजेता और प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया तथा खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। चयनित संभागीय दल 23 मार्च को सागर के लिए रवाना होगा, जहां 24 से 26 मार्च तक राज्य स्तरीय शिक्षक-कर्मचारी खेल प्रतियोगिता आयोजित होगी।

### एमपीपीएससी की तैयारी पर विशेष व्याख्यान आयोजित

**अनोखा तीर, खरगोन।** प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरगोन में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित राज्य प्रशासनिक सेवा परीक्षा की तैयारी विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डिप्टी कलेक्टर लोकेश छापरे ने विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए मार्गदर्शन देते हुए प्रारंभिक, मुख्य और साक्षात्कार तीनों चरणों की प्रभावी रणनीति पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सफलता के लिए दृढ़ निश्चय, धैर्य और सतत



परिश्रम आवश्यक है। साथ ही सिलेबस आधारित अध्ययन, पूर्व वर्षों के प्रश्नों का विश्लेषण और प्रत्येक विषय के लिए मानक अध्ययन सामग्री का चयन करने पर जोर दिया। प्राचार्य जीएस चौहान ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का समुचित उपयोग कर छात्र वर्तमान प्रतिस्पर्धी वातावरण में बेहतर तैयारी कर सकते हैं। करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी प्रो. गगन पाटीदार ने समय प्रबंधन और लेखन अभ्यास के महत्व को बताया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विशेषज्ञ से संवाद कर प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया।

### विश्व किडनी दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम व स्वास्थ्य शिविर संपन्न

**अनोखा तीर, खंडवा।** विश्व किडनी दिवस के अवसर पर दादाजी धूनीवाले जिला चिकित्सालय खण्डवा में मरीजों के लिए जागरूकता कार्यक्रम और स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. संजय कुमार दादू और सिविल सर्जन डॉ. अनिरुद्ध के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। शिविर में डायलिसिस यूनिट के नोडल अधिकारी डॉ. पंकज जैन ने बताया कि किडनी दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों को किडनी रोगों के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि गुर्दे की बीमारी को नजरअंदाज



करना खतरनाक हो सकता है, इसलिए नियमित जांच और संतुलित जीवनशैली अपनाना जरूरी है। डॉ. जैन ने बताया कि किडनी रोग के शुरुआती लक्षणों में उल्टी आना, भूख न लगना, थकान और कमजोरी महसूस होना, पेशाब की मात्रा कम होना, खुजली की समस्या, नींद न आना और मांसपेशियों में खिंचाव शामिल हैं। क्रॉनिक किडनी रोग का प्रमुख कारण मधुमेह, उच्च रक्तचाप और अन्य विकार हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि समय पर जांच और उपचार से इस रोग को गंभीर होने से रोका जा सकता है। उन्होंने बताया कि जिला चिकित्सालय खण्डवा में मरीजों के लिए डायलिसिस की 6 मशीनें उपलब्ध हैं और यह सुविधा वर्ष 2016 से संचालित है। यहां खण्डवा के साथ अन्य जिलों के मरीज भी उपचार के लिए आते हैं। इस अवसर पर मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक डॉ. रंजीत बडोले, सहायक अधीक्षक डॉ. सुनील बाजोलिया सहित अन्य चिकित्सक उपस्थित रहे।

## पॉलिटेक्निक कॉलेज में आनंद अल्पविराम कार्यक्रम



**अनोखा तीर, खरगोन।** राज्य आनंद संस्थान द्वारा शासकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय खरगोन में आनंद अल्पविराम कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को आनंदमय जीवन जीने, लक्ष्य निर्धारण करने और तनावमुक्त होकर अध्ययन करने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को तनावमुक्त जीवनशैली अपनाकर पढ़ाई करने की विभिन्न विधियों की जानकारी दी गई। जिला समन्वयक केबी मंसारे ने राज्य आनंद संस्थान का परिचय देते हुए सत्र की शुरुआत की और सकारात्मक सोच तथा तनावमुक्त जीवन के महत्व पर प्रकाश डाला। सत्र में अल्पविराम, आनंद क्लब और आनंद सभा की जानकारी दी गई तथा शांत समय के माध्यम से विद्यार्थियों को आत्मअनुभूति कराई गई। तीन सेकंड की ताली जैसी गतिविधियों के जरिए यह बताया गया कि प्रत्येक व्यक्ति में अपार क्षमताएं होती हैं और समय पर लक्ष्य तय करने से सफलता प्राप्त की जा सकती है। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि अहंकार, नफरत, लालच, ईर्ष्या और क्रोध जैसी नकारात्मक भावनाएं जीवन में तनाव बढ़ाती हैं, जबकि सकारात्मक सोच और निस्वार्थ सहयोग से वास्तविक आनंद की अनुभूति होती है।

## दो दिवसीय कृषि विज्ञान मेले का शुभारंभ



**अनोखा तीर, खरगोन।** बलवाड़ी सब्जी मंडी प्रांगण में गुरुवार को दो दिवसीय कृषि विज्ञान मेले का शुभारंभ किया गया। विधायक बालकृष्ण पाटीदार और कलेक्टर श्रीमती भव्या मित्तल ने मेले का उद्घाटन किया। कार्यक्रम का आयोजन कृषि, उद्यानिकी और आत्मा विभाग द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष श्रीमती नंदा ब्राह्मणे, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती छाया जोशी सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। किसानों को आधुनिक और उन्नत कृषि तकनीकों से अवगत कराने के उद्देश्य से मेले में 80 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं। इन स्टॉलों के माध्यम से जीवामृत खाद, उन्नत बीज, ड्रिप सिंचाई प्रणाली, जैविक उत्पाद और तकनीकी खेती की नई विधियों का प्रदर्शन किया गया। विधायक पाटीदार ने कहा कि यह मेला किसानों और कृषि वैज्ञानिकों के बीच ज्ञान के आदान-प्रदान का सशक्त मंच है। कलेक्टर श्रीमति मित्तल ने बताया कि जिले में जैविक और तकनीकी खेती के माध्यम से किसानों की आय बढ़ाने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने झिरन्या क्षेत्र में मिर्च उत्पादन के लिए पॉली हाउस और ग्राम रायबिड़पुरा में सफेद मूसली से उत्पाद तैयार कर किसानों की आय बढ़ाने की पहल की जानकारी दी। उन्होंने किसानों को नरवाई नहीं जलाने की सलाह देते हुए फसल अवशेष प्रबंधन के लिए आधुनिक कृषि मशीनों के उपयोग की जानकारी भी दी। मेले में वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक एनके तांबे और सतीष परसाई ने जैविक खेती तथा कपास में लगने वाली गुलाबी इल्ली की रोकथाम के उपायों पर जानकारी दी। इस अवसर पर कृषि उपसंचालक एसएस राजपूत, परियोजना संचालक आत्मा एमएस कनाश, उपसंचालक उद्यानिकी केके गिरवाल, जिला विपणन अधिकारी रोहित श्रीवास्तव सहित संबंधित विभागों के अधिकारी और बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# जिले में घरेलू गैस सिलेंडर की कोई कमी नहीं

अनोखा तीर, खरगोन।

जिला आपूर्ति अधिकारी एचएस मुवेल ने स्पष्ट किया है कि जिले में घरेलू गैस सिलेंडर की किसी प्रकार की कमी नहीं है। सभी गैस एजेंसियों पर मांग के अनुसार पर्याप्त मात्रा में सिलेंडर उपलब्ध हैं और नियमित आपूर्ति सुचारू रूप से जारी है। उन्होंने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडर की बुकिंग के बाद दो से तीन दिनों में होम डिलीवरी की जा रही है। डिलीवरी के बाद अगली बुकिंग निर्धारित समय सीमा के अनुसार ही की जानी चाहिए। पूर्व में सिलेंडर रिफिल की अवधि 21 दिन थी, जिसे बढ़ाकर 25 दिन कर दिया गया है। यदि कोई उपभोक्ता आज सिलेंडर रिफिल कराता है तो उसे अगला सिलेंडर 25 दिन बाद ही मिल सकेगा। निर्धारित अवधि से पहले बार-बार बुकिंग करने का प्रयास करने पर सर्वर संबंधी तकनीकी समस्या भी हो सकती है। जिला आपूर्ति अधिकारी ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे समय-सीमा का पालन करते हुए ही गैस बुकिंग करें और किसी भी प्रकार की भ्रामक खबरों पर ध्यान न दें। जिले में गैस स्टॉक की कोई समस्या नहीं है और सभी एजेंसियों पर पर्याप्त सिलेंडर उपलब्ध हैं।



### होटलों में कार्रवाई, 18 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त

**अनोखा तीर, खंडवा।** घरेलू एलपीजी गैस सिलेंडरों के व्यावसायिक उपयोग पर रोक लगाने और उपभोक्ताओं को घरेलू सिलेंडर की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर ऋषव गुप्ता के निर्देश पर खाद्य विभाग की टीम ने गुरुवार को बाजार में आकस्मिक निरीक्षण किया। जिले में तहसीलदारों और कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारियों ने विभिन्न स्थानों पर जांच की, जिसमें 26 होटलों से 18 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए गए। जिला आपूर्ति अधिकारी दिनेश सावले ने बताया कि जिले में गैस सिलेंडरों की आपूर्ति में किसी प्रकार की कमी नहीं है। एलपीजी गैस सिलेंडर का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और लगातार आपूर्ति भी मिल रही है। उपभोक्ता फोन से गैस बुकिंग करें, एजेंसी द्वारा होम डिलीवरी की सुविधा दी जा रही है।

### पुनासा व हरसूद के छात्रावासों में आज लगेंगे एचपीवी के टीके

**अनोखा तीर, खंडवा।** महिलाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाने के उद्देश्य से एचपीवी टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की किशोरियों को एचपीवी के टीके लगाए जा रहे हैं। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी बालिकाओं को निकटतम टीकाकरण केन्द्र पर ले जाकर एचपीवी का टीका अवश्य लगवाएं।

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 13 मार्च को पुनासा ब्लॉक के अनुसूचित जाति सीनियर कन्या छात्रावास नवीन पुनासा तथा हरसूद विकासखण्ड के महाविद्यालयीन कन्या छात्रावास एसटी और रमसा बालिका छात्रावास में टीकाकरण किया जाएगा।

## मार्च-अप्रैल का राशन एक साथ वितरित

**अनोखा तीर, खरगोन।** सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत भारत सरकार के निर्देशानुसार मध्यप्रदेश शासन द्वारा मार्च और अप्रैल 2026 का राशन एकमुश्त वितरित किया जा रहा है। जिले में संचालित 676 उचित मूल्य दुकानों के माध्यम से 3 लाख 47 हजार परिवारों के लगभग 14 लाख 80 हजार पात्र हितग्राहियों को राशन दिया जाएगा। जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि पात्र परिवारों को राशन प्राप्त करने के लिए दुकान पर लगी पीओएस मशीन पर दोनों माह के लिए दो बार बायोमेट्रिक सत्यापन कराना अनिवार्य होगा। वितरण से संबंधित जानकारी हितग्राहियों को उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से भी दी जाएगी। जिले के सभी पात्र हितग्राहियों से अपील की गई है कि वे अपनी उचित मूल्य दुकानों पर पहुंचकर दो माह का निःशुल्क राशन समय पर प्राप्त करें, ताकि शासन की इस व्यवस्था का अधिकतम लाभ मिल सके।

### संकल्प से समाधान अभियान के तहत पुनासा में आज शिविर

**अनोखा तीर, खंडवा।** संकल्प से समाधान अभियान के तहत पात्र व्यक्तियों को सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। जिला पंचायत के सीईओ डॉ. नागार्जुन बी. गौड़ा ने बताया कि नगरीय क्षेत्र पुनासा में 13 मार्च को शिविर लगाया जाएगा। इसके बाद 14 से 16 मार्च तक खण्डवा नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में शिविर आयोजित होंगे। 14 मार्च को वार्ड क्रमांक 1 से 5 के नागरिकों के लिए नगर निगम के जोन क्रमांक 1 कार्यालय में तथा वार्ड क्रमांक 6 से 9 के लिए माता चौक चौराहे पर शिविर लगेगा। इसी दिन वार्ड क्रमांक 29 से 32 के लिए झीलोद्यान स्थित जोन क्रमांक 4 कार्यालय और वार्ड क्रमांक 33, 35 व 36 के लिए लाल चौकी स्थित मांगलिक भवन में शिविर आयोजित किया जाएगा। 15 मार्च को वार्ड क्रमांक 10 से 15 के लिए भगतसिंह चौराहे पर, वार्ड क्रमांक 16 से 24 के लिए नगर निगम कार्यालय में, वार्ड क्रमांक 39 से 45 के लिए बड़ा बम चौराहे पर तथा वार्ड क्रमांक 47 से 50 के लिए नवचंडी मेला ग्राउंड में शिविर लगाए जाएंगे। 16 मार्च को वार्ड क्रमांक 25 से 28 के लिए गौशाला चौराहे पर तथा वार्ड क्रमांक 34, 37, 38 व 46 के लिए सिंधी धर्मशाला में शिविर आयोजित होंगे।

## जनगणना-2027 के लिए अधिकारियों को दी गई ट्रेनिंग



**अनोखा तीर, खंडवा।** जनगणना-2027 के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक जानकारी देने के लिए गुरुवार को ई-दक्ष केन्द्र खण्डवा में प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जिले के जनगणना चार्ज अधिकारी और सहायक अधिकारी उपस्थित रहे। जनगणना नोडल अधिकारी बजरंग बहादुर ने कहा कि प्रत्येक 10 वर्ष में होने वाली जनगणना के कार्य के लिए अधिकारी पूरी गंभीरता से प्रशिक्षण लें। उन्होंने बताया कि 15 से 30 अप्रैल 2026 तक नागरिकों को जनगणना पोर्टल पर अपनी जानकारी स्वयं भरने की सुविधा दी जाएगी। इसके बाद मई 2026 से सर्वे कर घरों की लिस्टिंग का कार्य शुरू होगा। प्रशिक्षण में मकानों के सूचीकरण और नम्बरिंग की प्रक्रिया समझाई गई तथा निर्देश दिए गए कि कोई भी मकान सूचीकरण से छूटना नहीं चाहिए और प्रत्येक मकान को अलग नम्बर दिया जाए। साथ ही बताया गया कि फरवरी 2027 में घर-घर जाकर जनगणना की जानकारी एकत्र की जाएगी। प्रशिक्षण में भारत की जनगणना का संक्षिप्त परिचय, नीति निर्माण में इसकी भूमिका तथा जनगणना-2027 की प्रमुख प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी दी गई। यह प्रशिक्षण भोपाल से आए मास्टर ट्रेनर निखिल तिवारी ने दिया।

## झिरन्या परियोजना में महिला एवं बाल विकास योजनाओं की समीक्षा

**अनोखा तीर, खरगोन।** महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी संजय भारद्वाज ने 11 मार्च को परियोजना झिरन्या में विभागीय योजनाओं की समीक्षा बैठक ली। बैठक में आंगनवाड़ी केंद्रों के संचालन, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, लाड़ली लक्ष्मी योजना, पूरक पोषण आहार वितरण, 3 से 6 वर्ष के बच्चों का पंजीयन, स्कूलपूर्व शिक्षा, एफआरएस कार्य, संपूर्णता अभियान, सक्षम आंगनवाड़ी, एनआरसी, अपार आईडी, आभा आईडी तथा कुपोषण प्रबंधन सहित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। समीक्षा के दौरान लाड़ली लक्ष्मी योजना और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना में लक्ष्य पूर्ति नहीं होने पर संबंधित सेक्टर पर्यवेक्षकों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही 31 मार्च 2026 तक सभी योजनाओं में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए गए। बैठक में पोषण अभियान, मिशन वात्सल्य, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ और बाल विवाह रोकथाम विषयों पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं स्व-सहायता समूह की महिलाओं को जागरूक किया गया। उत्कृष्ट कार्य करने वाली आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को सम्मानित कर वृक्षारोपण भी किया गया। बैठक में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सेक्टर पर्यवेक्षक, ब्लॉक समन्वयक, लिपिक और परियोजना अधिकारी उपस्थित रहे।



## मोटर रिवाइंडिंग व मोबाइल रिपेयरिंग का प्रशिक्षण 6 अप्रैल से

**अनोखा तीर, खंडवा।** स्टार ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी खण्डवा में ग्रामीण बेरोजगार युवाओं के लिए 6 अप्रैल से इलेक्ट्रिक मोटर रिवाइंडिंग, घरेलू विद्युत उपकरण सेवा, हाउस वायरिंग और मोबाइल रिपेयरिंग का 30 दिवसीय निःशुल्क प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी 1 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं।

प्रशिक्षण में युवाओं को बेसिक से एडवांस स्तर तक का ज्ञान दिया जाएगा तथा प्रैक्टिकल प्रशिक्षण भी कराया जाएगा। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद स्वरोजगार स्थापित करने के लिए लोन आवेदन की प्रक्रिया में भी सहयोग किया जाएगा। संस्थान के निदेशक ने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी अपने आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेजों के साथ 1 अप्रैल तक सांई मंदिर हरसूद नाके के पास स्थित स्टार ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान आरसेटी खण्डवा में जमा कर सकते हैं। आवेदन के साथ आधार कार्ड, बैंक पासबुक, समग्र आईडी, राशन कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज के 5 फोटो तथा सभी दस्तावेजों की छायाप्रति संलग्न करना आवश्यक है। अधिक जानकारी के लिए रविंद्र बिरला से मोबाइल नंबर 9584363186 पर या कार्यालयीन समय में आरसेटी कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

# टेमला से मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम योजना का शुभारंभ

**अनोखा तीर, खरगोन।** मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम योजना के तहत ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने, गौपालन और डेयरी विकास को बढ़ावा देने तथा गांवों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में जिले में पहल शुरू की गई है। योजना के अंतर्गत 2000 से अधिक जनसंख्या और 500 से अधिक गोवंश वाले ग्रामों का चयन कर समग्र विकास किया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती भव्या मित्तल ने बताया कि जिले में 6 वृंदावन ग्रामों का चयन किया गया है। इन ग्रामों में स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता, आजीविका, प्राकृतिक खेती और पशुधन आधारित आय के स्त्रोतों को प्राथमिकता देते हुए कार्य योजना तैयार की जा रही है। साथ ही ग्राम और जल स्त्रोतों के सौंदर्यीकरण को स्वच्छता और आर्थिक सशक्तिकरण से जोड़कर विकास कार्य किए जाएंगे। इसी क्रम में विकासखंड खरगोन के चयनित वृंदावन ग्राम टेमला में ग्राम भ्रमण और सहभागी ग्रामीण अध्ययन के तहत किशोरी बालिकाओं, महिलाओं और बच्चों के समूहों से चर्चा कर प्रमुख मुद्दों का आकलन किया गया। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी और जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। ग्राम भ्रमण के बाद क्षेत्रीय विधायक बालकृष्ण पाटीदार से भी प्रस्तावित कार्यों पर चर्चा की गई। वृंदावन ग्राम कार्य योजना का औपचारिक शुभारंभ टेमला से कलेक्टर भव्या मित्तल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी मिलिंद कुमार नागदेवे और अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेश शाक्य की उपस्थिति में किया गया। योजना के तहत चयनित गांवों में गौशाला, सामुदायिक भवन, आंगनवाड़ी, स्वास्थ्य केंद्र, स्कूल, पक्की सड़कें, सोलर स्ट्रीट लाइट, बायोगैस संयंत्र, हर घर जल और जैविक खेती व पशुपालन आधारित गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा।




## जाहिर सूचना

**दिनांक : 12/03/2026**

मेरे पक्षकार इंडिया शेल्टर फाइनेन्स कारपोरेशन धार द्वारा प्राप्त जानकारी एवं निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार द्वारा भावी ऋणी **श्रीमती प्रेमाबाई महाजन पति श्यामसुंदर महाजन** निवासी **ब्राम्हणपूरी, खरगोन, तहसील खरगोन, जिला खरगोन, (म.प्र.)** को उनका पता **प.ह.न. 05, वार्ड नं. 13 गाइडलाइन अनुसार 10, मकान नं. 237, ब्राम्हणपूरी, तहसील खरगोन** जो कि गाँव के मुख्य मार्ग के अंदर स्थित है, **जिला खरगोन (म.प्र.)** का कुल क्षेत्रफल **1102 वर्गफीट** जिला खरगोन को बंधक रखकर उस पर ऋण दिया जाना प्रस्तावित है। उक्त मकान **श्रीमती प्रेमाबाई महाजन पति श्यामसुंदर महाजन** जिला खरगोन का होकर रजिस्टर्ड पत्र विलेख दस्तावेज क्रमांक MP8IGR17752026A100267576 दिनांक 09/03/ 2026 है। उक्त चर्तुसीमा निम्न प्रकार हैः- पूर्व- आशीष बजाज का मकान, पश्चिम- आम रास्ता, उत्तर- गली, दक्षिण-गली एवं रितेश महाजन का मकान है।

जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक या वित्तीय संस्था या वारिस को स्वत्व या बंधक संबंधी कोई आपत्ति हो तो वह 07 दिवस के अंदर संलिखित प्रमाण के मेरे कार्यालय में संपर्क करें। अन्यथा बाद मियाद मेरे पक्षकार द्वारा प्रस्तावित ऋणी की उक्त संपत्ति को बंधक रखकर उस पर ऋण प्रदाय कर दिया जावेगा।

**भवदीय**
**अभय रावत एडवोकेट,**
**9, सुन्दरवन कालोनी, गीत गार्डन के पास, धार**
**मोबाईल नंबर- 80859-04049**

## सार-समाचार

### मुख्यमंत्री से न्याय की गुहार लगाने भोपाल के लिए पैदल निकले क्षेत्र के दो किसान

**अनोखा तीर, सिवनी मालवा।** अपनी समस्याओं को लेकर तहसील क्षेत्र के दो किसान, मुकेश विश्वकर्मा और राजकुमार सराठे, अपनी समस्याओं को लेकर भोपाल स्थित मुख्यमंत्री निवास तक पैदल यात्रा कर रहे हैं। वे हाथों में तख्तियां लेकर करीब भोपाल पहुंचेंगे। मुकेश विश्वकर्मा का आरोप है कि गांव में पटवारी की मिलीभगत से उनके चाचा के नाम तीन



आवास पट्टे बना दिए गए हैं, जबकि वे खुद पिछले एक साल से पट्टा बनवाने के लिए तहसील के चक्कर लगा रहे है। राजकुमार सराठे का कहना है कि वे शासकीय रास्ते (गोहे) की समस्या को लेकर पिछले एक साल से अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं, लेकिन अभी तक इसका समाधान नहीं हुआ है। उन्होंने आरोप लगाया कि अधिकारी उनकी नहीं सुनते। किसान अपनी मांगों को लेकर सड़कों पर उतर आए हैं। सरकार ने किसानों की समस्याओं को हल करने के लिए कई कदम उठाए हैं, लेकिन अभी भी कई समस्याएं बनी हुई हैं। यह दोनों किसान पांडाल से चलकर दोपहर में सिवनी मालवा पहुंचे थे और पैदल आगे रास्ता तय कर रहे थे।

### पुलिस ने पांच साल से चोरी के मामले में फरार आरोपी को किया गिरफ्तार

**अनोखा तीर, इटारसी।** स्थानीय पुलिस ने चोरी के मामले में पांच साल से फरार आरोपी को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। बताया गया कि पुलिस अधीक्षक एवं एएसपी नर्मदापुरम के निर्देशन एवं एसडीओपी इटारसी के मार्गदर्शन में थाना इटारसी जिला नर्मदापुरम द्वारा चोरी के 05 वर्ष पुराने मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है। जानकारी के अनुसार ११ दिसंबर २०२१ को फरियादी अनिस भाट पिता बाबूलाल भाट निवासी बालाजी मंदिर के पास इटारसी ने रिपोर्ट किया कि कोई अज्ञात व्यक्ति मेरी स्वीफ्ट डिजायर वीडीआई कार क्रं एमपी 04




सीडब्ल्यु 9332 को चोरी कर ले गया। रिपोर्ट पर धारा 379 आईपीसी का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान आरोपी कमल धाकड़ को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। तथा मामले में एक अन्य आरोपी शैलेंद्र यादव उर्फ कल्लू पिता शहदेव यादव उम्र 27 साल निवासी ग्राम बरही थाना फूफ जिला भिंड गत 05 वर्षों से फरार चल रहा था। अनुसंधान के दौरान थाना प्रभारी के नेतृत्व में विशेष टीम गठित कर फरार आरोपी की पतारसी के हरसंभव प्रयास किए गए। जिस पर से फरार आरोपी शैलेंद्र यादव उर्फ कल्लू यादव को इटारसी पुलिस ने १० मार्च २०२६ को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। कार्यवाही में थाना इटारसी से निरीक्षक गौरव सिंह बुंदेला, एसआई प्रवीण कुमार यादव, एएसआई जनकलाल पंवार, आरक्षक प्रेमनारायण, शैलेंद्र, प्रधान आरक्षक अशोक चौहान थाना सिवनी मालवा की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

### प्रस्फुटन समितियों का एकदिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

**अनोखा तीर, माखन नगर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद माखन नगर के सेक्टर क्रं 02 अंतर्गत एक्सीलेंस आर्यन सेवा समिति के तत्वाधान में प्रस्फुटन समितियों का एक दिवसीय क्षमतावर्धन प्रशिक्षण आयोजित



किया गया। जिसमें नवांकुर संस्था एवं प्रस्फुटन समितियों के अध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष एवं सदस्य और नवांकुर सखी उपस्थित रही। कार्यक्रम में नवांकुर संस्था प्रमुख संचालक मनीष चतुर्वेदी, सरपंच संघ अध्यक्ष, कृष्ण कुमार झा, सेक्टर प्रभारी हर्ष तिवारी, सुरेश यादव उपस्थित थे। सर्वप्रथम मां भारती के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ कर सभी का पुष्पों से स्वागत किया गया। इसके बाद कार्यक्रम के मुख्य प्रशिक्षक मनीष चतुर्वेदी द्वारा प्रस्फुटन समितियों का उद्देश्य, कार्य, सामाजिक क्षेत्र में गतिविधि, आदर्श ग्राम, समग्र ग्राम विकास, दस्तावेजीकरण, सोसायटी पंजीयन, वृक्षारोपण, नर्सरी निर्माण, बोर्ड, कार्यालय निर्माण, दीवार लेखन, जल गंगा संवर्धन अभियान, संस्कार केंद्र, संबंधी जानकारी आए हुए सदस्यों को प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन हर्ष तिवारी ने किया एवं आभार सुरेश यादव ने माना।

सलकनपुर में आगामी चैत्र नवरात्रि पर मेले की तैयारियों के संबंध में कलेक्टर-एसपी ने ली बैठक

# श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्थाओं के संबंध में कलेक्टर ने दिए निर्देश

**अनोखा तीर, बुदनी।**

चैत्र नवरात्री पर विजयासन देवी के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का सलकनपुर आगमन होता है। आगामी 19 मार्च से प्रारंभ होने वाले चैत्र नवरात्री पर सलकनपुर आने वाले श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्थाओं के संबंध में कलेक्टर बालागुरू के. तथा एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने सलकनपुर में बैठक आयोजित कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी व्यवस्थाएं इस प्रकार से की जाएं कि दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को किसी तरह की कोई परेशानी न हो और सभी श्रद्धालु सुविधाजनक ढंग से पूजा-अर्चना कर सकें। बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने पार्किंग, पेयजल, साफ-सफाई तथा पर्याप्त बिजली व्यवस्था के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के आगमन तथा निर्गमन की सुगम व्यवस्था के लिए पर्याप्त संख्या में अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाएं। इमरजेंसी के लिए फायर बिग्रेड की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। साथ ही मेला स्थल पर दुकानों को व्यवस्थित ढंग से लगवाने तथा मेले के बेहतर प्रबंधन के निर्देश दिए। बैठक में एसपी श्री शुक्ला ने सभी मुख्य स्थानों पर पर्याप्त पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाने के संबंधित पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए, ताकि यातायात व्यवस्था बाधित न हो। उन्होंने कहा कि ड्यूटी के दौरान अधिकारी-कर्मचारी किसी भी स्थान पर यातायात बाधित होने पर तुरंत यातायात को सुचारू बनाएं। उन्होंने कहा मंदिर



प्रांगण में रोपवे का निरंतर संचालन होता रहे, ताकि अधिक से अधिक लोगों का आवागमन हो सके। बैठक के पश्चात कलेक्टर-एसपी ने सलकनपुर मंदिर परिसर का निरीक्षण भी किया। बैठक में सलकनपुर ट्रस्ट के अध्यक्ष महेश उपाध्याय, एएसपी श्रीमती सुनीता रावत, एसडीएम दिनेश सिंह तोमर, एसडीओपी रवि शर्मा, नायब तहसीलदार सूरज अल्हपुरिया सहित समिति के सदस्य एवं अधिकारी उपस्थित थे।

**वाहनों के फिटनेस प्रमाण पत्र की करें जांच-** बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि आयोजन के दौरान यातायात का बेहतर और सुचारू संचालन सुनिश्चित किया जाए। टैक्सी संचालन में फिटनेस प्रमाण पत्र की जांच की जाए और उन्हीं वाहनों (टैक्सी) को श्रद्धालुओं के आवागमन के लिए अनुमति प्रदान की जाये जिनके पास आरटीओ द्वारा जारी फिटनेस प्रमाण पत्र हो। जिन वाहनों का उपयोग टैक्सी के रूप में किया जाएगा उन वाहनों की कंडीशन सही होनी चाहिए, तथा समिति द्वारा निर्धारित किराए से अधिक वसूल नहीं किया जाए। निर्धारित क्षमता से अधिक यात्री नहीं बैठाएं। ज्यादा पुरानी गाड़ियों का उपयोग नहीं करें एवं प्रशिक्षित वाहन चालक ही वाहन चलाएं, यह सुनिश्चित किया जाये।

**मार्ग सुधार व्यवस्था के संबंध में निर्देश-** बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने निर्देश देते हुए कहा कि नवरात्रि मे श्रद्धालु बुदनी एवं अन्य स्थानों से पैदल चलकर सलकनपुर पहुंचते हैं। इस दौरान जगह-जगह चल रहे सड़क निर्माण कार्य की वजह से कई स्थानों पर रोड़ का कार्य अपूर्ण है या क्षतिग्रस्त है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग एवं एनएचएआई के अधिकारियों को निर्देश दिए कि अपने-अपने मार्गों पर आवश्यक सुधार कार्य कराना सुनिश्चित करें, जिससे श्रद्धालुओं को असुविधा न हो एवं कोई अप्रिय स्थिति न बने।

**वन क्षेत्र एवं दुर्घटना संभावित स्थानों पर रोकें श्रद्धालुओं की आवाजाही-** कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सलकनपुर मंदिर पर आने वाले श्रद्धालुओं को पहाड़ी एवं वन क्षेत्र जाने से रोका जाए, ताकि जंगली जानवरों एवं किसी अप्रिय घटना से बचा जा सके। इसके लिए उन्होंने उप वन मंडलाधिकारी को निर्देश दिए कि ऐसे स्थलों को चिन्हित कर वन कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाए। कलेक्टर ने कहा कि मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए हेल्थ कैंप लगाए जाए। जिससे श्रद्धालुओं को चिकित्सा की आवश्यकता पड़ने पर तत्काल मेडिकल सहायता प्रदान की जा सके।

- **मुख्य स्थानों पर हेल्प डेस्क-** बैठक में कलेक्टर बालागुरू के. ने कहा कि बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को मंदिर परिसर में कोई परेशानी न हो, इसके लिए मुख्य स्थानों पर हेल्प डेस्क बनाए जाए। उन्होंने कहा कि मंदिर परिसर में कंट्रोल रूम बनाया जाए, ताकि ड्यूटी के दौरान सभी अधिकारी-कर्मचारी सतत संपर्क में रहें। कलेक्टर ने कहा कि श्रद्धालुओं के लिए पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था हो। उन्होंने कहा कि नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए मुख्य स्थानों पर अस्थाई शौचालय भी स्थापित किए जाए, ताकि लोगों को असुविधा न हो।
- **कलेक्टर-एसपी ने नर्मदा आवंलीघाट का किया निरीक्षण-** भूतड़ी अमावस्या पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु आंवलीघाट पहुंचते हैं। आंवलीघाट पर श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए कलेक्टर बालागुरू के. तथा एसपी दीपक कुमार शुक्ला ने आवंलीघाट का निरीक्षण किया। उन्होंने घाट पर श्रद्धालुओं के स्नान के लिए और श्रद्धालु अधिक गहराई में न जाए, इसके लिए पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने आंवलीघाट पर पुलिस, होमगार्ड के जवान तथा गोताखोरों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए।

### मंदिर परिसर व मेला स्थल पर घरेलू गैस सिलेंडरों का प्रयोग प्रतिबंधित

बैठक के दौरान मंदिर समिति द्वारा लिए गए निर्णय के अनुसार कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेले के दौरान मेला स्थल एवं मंदिर परिसर में होटलों, दुकानों एवं अन्य प्रतिष्ठानों पर घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी दुकान पर ज्वलनशील पदार्थ न रहे और घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग न किया जाए। उन्होंने कहा आदेश का कढ़ाई से पालन किया जाए व घरेलू गैस सिलेंडरों का उपयोग करने वालों के सिलेंडर जब्त कर उनके विरूद्ध कार्यवाही की जाए। इसके साथ ही सभी दुकानों में फायर सेफ्टी के लिए छोटे अग्निशमन यंत्र अनिवार्य रूप रखे जाएं।

## मढ़ई में स्थानीय सलाहकार समिति की बैठक आयोजित

**सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की पर्यटन रणनीति की समीक्षा**

**अनोखा तीर, सोहागपुर।** सतपुड़ा टाइगर रिजर्व मढ़ई में स्थानीय सलाहकार समिति की बैठक नर्मदापुरम संभाग के कमिश्नर कृष्ण गोपाल तिवारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में सतपुड़ा टाइगर रिजर्व क्षेत्र में पर्यटन गतिविधियों, पर्यावरण संरक्षण तथा स्थानीय समुदाय के लिए रोजगार के अवसरों को लेकर विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।



बैठक में वन्यप्राणी गलियारों के महत्व एवं पारिस्थितिकी सौंदर्य को ध्यान में रखते हुए सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की सीमा के निकट भवन एवं अन्य अधोसंरचनाओं के निर्माण के लिए आवश्यक मापदंड निर्धारित किए जाने पर समिति द्वारा सर्वसम्मति व्यक्त की गई। साथ ही संरक्षित क्षेत्र की सीमा के निकट पर्यटन सुविधाओं के पर्यावरण के अनुकूल विस्तार, पर्यटन से रोजगार प्राप्त करने वाले व्यक्तियों की संख्या तथा इसके संभावित दुष्प्रभावों के न्यूनीकरण एवं पुर्नसंयोजन के उपायों पर भी विचार-विमर्श किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कमिश्नर श्री तिवारी ने निर्देश दिए कि पचमढ़ी, मढ़ई सहित संभाग के अन्य संरक्षित क्षेत्रों में सिंगल यूज पॉलिथीन के उपयोग पर प्रतिबंध को प्रभावी बनाने के लिए व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाए जाएं। उन्होंने कहा कि पर्यटकों एवं स्थानीय निवासियों को प्लास्टिक बोतलों तथा सिंगल यूज पॉलिथीन के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जाना आवश्यक है। इसके लिए होटल संचालकों, टैक्सी एसोसिएशन एवं अन्य संस्थाओं के साथ बैठक आयोजित कर जनजागरूकता बढ़ाई जाए। उन्होंने कलेक्टरों को भी इस दिशा में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में यह भी सहमति बनी कि होटल, लॉज एवं टूर संचालकों की गतिविधियों का नियमित अनुश्रवण किया जाए ताकि पर्यटकों के भ्रमण से वन्यप्राणियों को किसी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न न हो। साथ ही स्थानीय समुदाय के सदस्यों के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने के उद्देश्य से पर्यावरण के अनुकूल और पारदर्शी प्रक्रिया के माध्यम से पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने पर भी मंथन किया गया। बैठक में टाइगर रिजर्व तथा आसपास के क्षेत्रों में पर्यटन विकास से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए स्थानीय प्रशासन और राज्य शासन को उपयुक्त प्रस्ताव भेजे जाने पर भी विचार किया गया। बैठक के दौरान विधायक पिपरिया ठाकुरदास नागवंशी, सीसीएफ अशोक कुमार, कलेक्टर नर्मदापुरम सोनिया मीना, कलेक्टर बैतूल नरेंद्र सूर्यवंशी, फील्ड डायरेक्टर श्रीमती राखी नंदा, एसडीएम पिपरिया आकिप खान, संजय लिडवानी, कमल धूत, अरुण शर्मा, दिनेश शर्मा सहित अन्य अधिकारीगण एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### मढ़ई के लग्जरी रिजॉर्ट्स ने प्रदर्शनी में रखे थे वन्य प्राणियों के अवशेष

**- सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की टीम ने किए जप्त**

**अनोखा तीर, सोहागपुर।** सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के मढ़ई क्षेत्र स्थित देश विदेश में चर्चित और महंगे फोरसिथ लॉज रिजॉर्ट में वन्यजीवों के अवशेषों की अवैध प्रदर्शनी का मामला सामने आया है। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व की टीम ने सर्चिंग के दौरान रिजॉर्ट से चीतल के सींग, सेही के कांटे और सांप की केंचुली बरामद की है। मामले में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। एसटीआर के बागड़ा बफर के रेंजर विलास डोंगरे के अनुसार 9 मार्च को इस 40 एकड़ में फैले आलीशान रिजॉर्ट में दबिश दी गई थी। जांच के दौरान पाया गया कि रिजॉर्ट प्रबंधन ने विदेशी और वीआईपी पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए बिना अनुमति वन्यजीवों के अंगों को डिस्प्ले (प्रदर्शनी) में रखा था। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व बागड़ा बफर की टीम को रिपोर्ट से चीतल के 4 सींग, सेही के 4 कांटे, सांप की 2



केंचुली मिली है। सतपुड़ा टाइगर रिजर्व सोहागपुर के एसडीओ आशीष खोपरागढ़े के अनुसार प्राथमिक जांच में रिजॉर्ट का मैनेजर मुख्य रूप से जिम्मेदार नजर आ रहा है। उससे पूछताछ की जा रही है। विभाग यह पता लगा रहा है कि ये अवशेष कितने पुराने हैं। इन्हें जंगल के किस हिस्से से लाया गया था। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि यदि जांच में रिजॉर्ट मालिक की संलिप्तता पाई गई तो उन्हें भी आरोपी बनाया जाएगा।

## नपा की जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याओं पर हुई सुनवाई

- **कई आवेदनों का मौके पर निराकरण**

**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।** स्थानीय नगरपालिका में प्रत्येक गुरुवार को आयोजित होने वाली जनसुनवाई में नागरिकों की समस्याओं पर सुनवाई करते हुए कई आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया, जबकि जांच योग्य प्रकरणों को संबंधित शाखाओं को भेजकर शीघ्र कार्रवाई के निर्देश दिए गए। जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में नागरिक अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने नागरिकों की शिकायतें सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इस दौरान एक दर्जन से अधिक आवेदनों पर सुनवाई कर कई



मामलों का तत्काल समाधान किया गया। कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव और मुख्य नपा अधिकारी हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर नगरवासियों की समस्याओं के समाधान के लिए हर गुरुवार को जनसुनवाई आयोजित की जा रही है।

जनसुनवाई में वार्ड क्रं 31 में पेयजल पाइपलाइन विस्तार, वार्ड क्रं 6 में नाली और सड़क निर्माण, पात्रता पर्ची में नाम जुड़वाने, निर्माण कार्य के लिए एनओसी जारी करने, संपत्ति कर की रसीद में सही पता दर्ज कराने, स्वच्छता और पेयजल से संबंधित कई आवेदन प्राप्त हुए। नगरपालिका अध्यक्ष ने अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही निराकरण कराया, जबकि पाइपलाइन विस्तार, नाली निर्माण और सड़क निर्माण से जुड़े मामलों की जांच कर समाधान करने के लिए संबंधित शाखा प्रभारियों को निर्देशित किया गया। जनसुनवाई में पार्षद प्रकाश नारायण गौर, राहुल गौर, राजेंद्र उपाध्याय, नरेंद्र पटेल, पूर्व पार्षद मुकेश यादव, कार्यालय अधीक्षक योगेश सोनी, उपयंत्री रीना गुप्ता, दीक्षा तिवारी सहित नगरपालिका के अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। नगरपालिका अध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव ने बताया कि जनहित और लोककल्याण को ध्यान में रखते हुए नगरपालिका में नियमित रूप से जनसुनवाई की व्यवस्था की गई है। इससे नागरिकों में जागरूकता बढ़ रही है और लोग अपनी समस्याओं के समाधान के लिए सीधे नगरपालिका पहुंच रहे हैं।

## विवेक भदोरिया बने नर्मदापुरम संभाग टेनिस क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष

**अनोखा तीर, नर्मदापुरम।** जिले के वरिष्ठ समाजसेवी एवं खेल प्रेमी विवेक भदोरिया को मध्य प्रदेश टेनिस क्रिकेट एसोसिएशन के अंतर्गत नर्मदापुरम संभाग का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति की खबर मिलते ही नर्मदापुरम सहित पूरे संभाग में खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों और उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। सोशल मीडिया पर भी उन्हें लगातार बधाईयां और शुभकामनाएं मिल रही हैं। ज्ञात हो कि भदोरिया लंबे समय से सामाजिक गतिविधियों के साथ-साथ खेलों को बढ़ावा देने में सक्रिय भूमिका निभाते आ रहे हैं। विशेष रूप से टेनिस क्रिकेट और स्थानीय क्रिकेट प्रतिभाओं को मंच देने के लिए वे निरंतर प्रयासरत रहे हैं। जिले के सबसे बड़े डे-नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट फ्रेंड्स कप का सफल आयोजन भी उनके



व नर्मदापुरम में खेल प्रेमियों के बीच काफी लोकप्रिय है। इसके अलावा वे फ्रेंड्स चैंपियन ट्रॉफी सहित कई क्रिकेट प्रतियोगिताओं के आयोजन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहे हैं। खेल आयोजनों के माध्यम से विवेक भदोरिया ने क्षेत्र के युवाओं को खेलों के प्रति प्रेरित करने और उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देने का काम किया है। उनके प्रयासों से कई युवा खिलाड़ियों को स्थानीय स्तर पर पहचान मिली है।

उनकी इस नियुक्ति को नर्मदापुरम संभाग में टेनिस क्रिकेट के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। खेल प्रेमियों का मानना है कि उनके नेतृत्व में क्षेत्र में टेनिस क्रिकेट को नई दिशा और गति मिलेगी तथा प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ने के बेहतर अवसर मिलेंगे।

### ग्राम पंचायत ने स्कूल को दिया वॉटर कूलर

**अनोखा तीर, सिवनी मालवा।** नवीन शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने के पूर्व ग्राम पंचायत सोमलवाड़ा द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोमलवाड़ा को वाटर कूलर दान में दिया गया। जिससे छात्र-छात्राओं को गर्मी के दिनों में शीतल पर



जल द्वारा गर्मी से राहत मिलेगी। ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती दुर्गा परते द्वारा संस्था प्राचार्य राम मोहन रघुवंशी को वॉटर कूलर सौंपा। सरपंच द्वारा बताया गया कि अगले वर्ष बिजली की समस्या को दृष्टिगत रखते हुए इनवर्टर दान किया जाएगा। इस अवसर पर संस्था प्राचार्य द्वारा सरपंच का स्वागत फूल मालाओं से किया गया। इस अवसर पर संस्था प्राचार्य राम मोहन रघुवंशी, ग्राम पंचायत सचिव धर्मेंद्र राजपूत, सहायक सचिव प्रदीप गौर, संस्था के शिक्षक शिवशंकर चौधरी, अखिलेश यादव, योगेंद्र मालवीय, आशीष यादव, सुनीता राजपूत, शिखा रघुवंशी, शिवानी यादव एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### एचपीवी टीकाकरण को लेकर आंगनवाड़ी व आशा कार्यकर्ताओं की बैठक

**अनोखा तीर, खरगोन।** जिला पंचायत सीईओ मिलिंद कुमार नागदेवे ने महेश्वर में एचपीवी टीकाकरण अभियान को लेकर आंगनवाड़ी और आशा कार्यकर्ताओं की बैठक ली। बैठक में उन्होंने पात्र बालिकाओं के शत-प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने के निर्देश



दिए। सीईओ नागदेवे ने कहा कि एचपीवी वैक्सीन पूरी तरह सुरक्षित है और इसके माध्यम से भविष्य में होने वाली गंभीर बीमारियों से बचाव संभव है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से घर-घर संपर्क कर जागरूकता बढ़ाने, अभिभावकों को सही जानकारी देने और टीकाकरण सत्रों में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

### पीएम किसान सम्मान निधि की 22वीं किस्त आज जारी होगी

**अनोखा तीर, खंडवा।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को प्रतिवर्ष 6 हजार रुपए की राशि तीन समान किस्तों में दी जाती है। योजना की 22वीं किस्त शुक्रवार 13 मार्च को किसानों के खातों में जारी की जाएगी। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुवाहाटी, असम से वर्चुअली संबोधित करेंगे और पात्र किसानों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से 2 हजार रुपए की राशि हस्तांतरित करेंगे। इस दिन को पीएम किसान उत्सव दिवस के रूप में मनाया जाएगा। जिला, विकासखंड और पंचायत स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही एलईडी टीवी के माध्यम से राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया जाएगा।

### जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में एचपीवी टीकाकरण कार्यक्रम

**अनोखा तीर, खरगोन।** कलेक्टर श्रीमती भव्या मित्तल के निर्देशन में जिले के सभी विकासखंडों में बालिकाओं के स्वास्थ्य संरक्षण के लिए एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमावायरस) टीकाकरण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इन कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति से आमजन में जागरूकता बढ़ रही है और टीकाकरण अभियान को व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है।



स्वास्थ्य विभाग के अनुसार एचपीवी वायरस महिलाओं में गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर का प्रमुख कारण माना जाता है। भारत में महिलाओं में होने वाले कैंसरों में यह दूसरा सबसे आम कैंसर है। विशेषज्ञों का कहना है कि एचपीवी वैक्सीनेशन इस बीमारी से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है, जो भविष्य में गर्भाशय ग्रीवा कैंसर के जोखिम को लगभग 90 प्रतिशत तक कम कर सकता है। विभाग ने बताया कि 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को यह टीका लगाया जा रहा है। इस आयु में टीकाकरण करने से शरीर में प्रभावी एंटीबॉडी विकसित होती हैं, जो लंबे समय तक सुरक्षा प्रदान करती हैं। प्रशासन ने अभिभावकों से अपील की है कि वे अपनी पात्र बालिकाओं का अनिवार्य रूप से टीकाकरण कराएं, क्योंकि समय पर बचाव ही सबसे सुरक्षित उपाय है।

### ई-विकास प्रणाली पर जिला स्तरीय प्रशिक्षण 13 मार्च को

**अनोखा तीर, खरगोन।** किसानों को उर्वरकों का सुगमतापूर्वक और पारदर्शी वितरण सुनिश्चित करने के लिए प्रदेश में ई-विकास (वितरण एवं कृषि आपूर्ति समाधान) प्रणाली लागू की गई है। इसके प्रभावी क्रियान्वयन और ई-टोकन जनरेशन प्रक्रिया की जानकारी देने के लिए जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण 13 मार्च 2026 को दोपहर 2 बजे बलवाड़ी सब्जी मंडी, प्रेमनगर, सनावद रोड, खरगोन में आयोजित होगा। प्रशिक्षण में जिले के सभी पटवारी, पंचायत सचिव, ग्राम सहायक पंचायत, कृषि विस्तार अधिकारी, पैक्स तथा विपणन संघ के डबल लॉक केंद्र प्रभारियों की उपस्थिति अनिवार्य रहेगी। कलेक्टर भव्या मित्तल ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने अधीनस्थ मैदानी अमले की निर्धारित तिथि, समय और स्थान पर उपस्थिति सुनिश्चित करें, ताकि जिले में ई-विकास प्रणाली का प्रभावी और सुचारु क्रियान्वयन हो सके।

### पीएम राहत योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रशिक्षण

**अनोखा तीर, खरगोन।** सड़क दुर्घटना पीड़ितों को त्वरित और गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री राहत योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिले में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम जिला स्वास्थ्य समिति द्वारा जिला प्रशिक्षण कक्ष में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डीएस चौहान के मार्गदर्शन में हुआ, जिसमें जिले के निजी अस्पतालों के



प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य निजी अस्पतालों को योजना की जानकारी देकर अधिक से अधिक पात्र सड़क दुर्घटना पीड़ितों को कैशलेस उपचार सुविधा से जोड़ना था। राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के जिला रोलआउट प्रबंधक शरद गवाली ने प्रतिभागियों को योजना की प्रक्रिया से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल मरीजों को आर्थिक बोझ से मुक्त रखते हुए कैशलेस उपचार की सुविधा प्रदान की जाती है। प्रशिक्षण में योजना के उद्देश्य, पात्रता मापदंड, अस्पताल पंजीकरण प्रक्रिया, ऑनलाइन पोर्टल की कार्यप्रणाली तथा कैशलेस उपचार उपलब्ध कराने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। साथ ही प्रतिभागियों की शंकाओं का समाधान कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। प्रशिक्षण में बताया गया कि योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल मरीजों को दुर्घटना के बाद अधिकतम 7 दिनों तक 1.5 लाख रुपये तक का कैशलेस उपचार उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे गोल्डन आवर में त्वरित उपचार सुनिश्चित हो सके।

# गैस एजेंसियों पर लगी कतारें, एलपीजी गैस की मांग में उछाल

**अनोखा तीर, देवास।**

प्रदेशभर में कमर्शियल गैस सिलेंडरों की आपूर्ति प्रभावित होने की खबरों के बीच देवास में भी एलपीजी गैस की मांग अचानक बढ़ गई है। गुरूवार को शहर की गैस एजेंसियों पर लोगों की भीड़ देखी गई। घरेलू और कमर्शियल दोनों तरह के सिलेंडरों की मांग में उछाल आने से कई जगहों पर वेटिंग भी बढ़ गई है। शहर के होटल, रेस्टोरेंट, मैरिज गार्डन और अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के संचालकों ने बताया कि उनके पास केवल 3 से 4 दिन का गैस स्टॉक ही बचा है। व्यवसायियों का कहना है कि यदि समय पर पर्याप्त आपूर्ति नहीं मिली, तो आने वाले दिनों में उनके प्रतिष्ठानों का संचालन प्रभावित हो सकता है। कई व्यवसायियों ने यह आशंका भी जताई है कि गैस नहीं मिलने की स्थिति में उन्हें अपने प्रतिष्ठान अस्थायी रूप से बंद करने पड़ सकते हैं। बाजार में गैस सिलेंडरों की अचानक बढ़ी मांग के कारण अब काला बाजारी की आशंका भी जताई जा रही है। उपभोक्ताओं का कहना है कि वेटिंग बढने से ब्लैक में गैस बिकने की संभावना बढ़ जाती है, जिससे आम उपभोक्ताओं को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। गैस एजेंसी कारोबारी प्रशांत विजयवर्गीय ने स्पष्ट किया है कि घरेलू गैस को लेकर फिलहाल किसी प्रकार का कोई संकट नहीं है। उन्होंने बताया कि बुकिंग के आधार पर सिलेंडरों की नियमित आपूर्ति की जा रही है।



# कलेक्टर से लगाई न्याय की गुहार

### पीएफ अंशदान जमा नहीं होने से सेवानिवृत्त कर्मचारी परेशान

**अनोखा तीर, देवास।**

सन फार्मास्यूटिकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड, देवास के एक सेवानिवृत्त कर्मचारी ने कंपनी पर पीएफ अंशदान जमा नहीं करने और पेंशन प्रारंभ नहीं करने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को जनसुनवाई में जिला कलेक्टर से आवेदन देकर शिकायत की है। एमजी रोड निवासी जयंतीलाल जैन (62 वर्ष) ने कलेक्टर को दिए आवेदन में बताया कि वे कंपनी में कर्मचारी संहिता क्रं. 8592 के अंतर्गत वर्ष 1984 से अगस्त 2023 तक लगभग 39 वर्षों तक कार्यरत रहे। 1 सितंबर 2023 को कंपनी ने उन्हें सेवानिवृत्ति पत्र प्रदान किया, लेकिन सेवानिवृत्ति के करीब 18 माह बीत जाने के बाद भी उनके पीएफ खाते में पूर्ण अंशदान जमा नहीं किया गया और न ही पेंशन प्रक्रिया शुरू की गई। जैन ने बताया कि यह एम्प्लाइज प्रोविडेंट फंड्स एंड मिसलेनियस प्रोविशयंस एक्ट, 1952 सहित श्रम कानूनों का उल्लंघन है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस संबंध में कई बार कंपनी के एचआर विभाग के अधिकारी पंकज जैन से संपर्क किया गया तथा प्लांट हेड रविंद्र गोयल और एचआर हेड सुरेंद्र से मिलने का प्रयास भी किया, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ। जयंतीलाल जैन ने बताया कि अगस्त 2024 में उनकी बायपास सर्जरी हुई थी, जिसके कारण उन्हें आर्थिक संकट का सामना करना पड़ा और इलाज के लिए उधार लेना पड़ा। वर्तमान में भी उन्हें हर महीने दवाइयों पर खर्च करना पड़ रहा है। उनके परिवार में दो बच्चे हैं, जिनमें एक बेटा मानसिक रूप से दिव्यांग है और परिवार में उनके अलावा कोई कमाने वाला नहीं है। उन्होंने कलेक्टर से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर कंपनी को उनके पीएफ की पूरी राशि जमा कराने और पेंशन शीघ्र प्रारंभ कराने के निर्देश दिए जाएं। साथ ही कानून का उल्लंघन करने वाले जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ श्रम कानूनों के तहत उचित कार्रवाई की जाए।

# नेशनल लोक अदालत 14 मार्च को होगी आयोजित

### बिजली चोरी एवं अनियमितताओं के प्रकरण में होंगे समझौते

**अनोखा तीर, कन्नौद।**

नेशनल लोक अदालत 14 मार्च (शनिवार) को आयोजित होगी। लोक अदालत में बिजली चोरी एवं अन्य अनियमितताओं के प्रकरण को आपसी समझौते के माध्यम से निराकृत किया जाएगा। कन्नौद अभिभाषक संघ के सहसचिव शैलेंद्र पांचाल ने बताया कि विद्युत अधिनियम 2003 धारा 135 के अंतर्गत विद्युत चोरी के लंबित प्रकरणों एवं विशेष न्यायालयों में विचाराधीन प्रकरणों के निराकरण के लिए विद्युत उपभोक्ताओं एवं उपयोगकर्ताओं से अपील की गई है कि वे अप्रिय कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए अदालत में समझौता करने के लिए संबंधित बिजली जोन, वितरण केंद्र, विजिलेंस कार्यालय से संपर्क करें। अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा प्राधिकरण/ प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश डीएस मंडलोई ने बताया, राष्ट्रीय लोक अदालत मैं कुल पांच खंड पीठ का गठन किया गया है। विभिन्न बैंक एवं नगर परिषद, एमपीईबी के प्रकरणों का भी निराकरण आपसी समझौते से किया जाए। इस अवसर पर द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश अमित निगम, श्रीमति उषा उईके प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड कन्नौद, श्रीमति सोनाली शर्मा, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड कन्नौद, कुंदन कछवाहे, द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खंड कन्नौद, अभिभाषक संघ के अध्यक्ष केदार पटेल ने अधिक से अधिक प्रकरणों का निराकरण आपसी सहमति सहयोग राजीनामे समझौते से निराकरण करने की अपील की है। शासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि धारा 135 के अंतर्गत विद्युत चोरी के बनाए गए लंबित प्रकरण एवं अदालत में लंबित प्रकरणों का निराकरण के लिए निम्नदाब श्रेणी के समस्त घरेलू, समस्त कृषि, 5 किलोवॉट तक के गैर घरेलू एवं 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को प्रकरणों में ही छूट दी जाएगी। प्रि-लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं 100 प्रतिशत ब्याज की राशि की छूट दी जाएगी। लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किए जाने पर लगने वाले व्याज पर 100 प्रतिशत राशि की छूट दी जाएगी।

# संभागायुक्त ने जिला पंचायत बैतूल का किया निरीक्षण

**अनोखा तीर, बैतूल।**

संभागायुक्त कृष्ण गोपाल तिवारी ने गुरूवार को जिला पंचायत बैतूल का निरीक्षण कर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत संचालित प्रशासनिक कार्यों तथा विभिन्न योजनाओं के क्रियांवयन की विस्तृत जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सर्वप्रथम ई-ऑफिस प्रणाली के संचालन का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित कर्मचारियों से ई-ऑफिस की संपूर्ण प्रक्रिया संचालित कराते हुए उनकी कार्यकुशलता एवं निपुणता परखी। ई-ऑफिस प्रणाली के संचालन पर संतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने पत्रों के डिस्पैच के लिए केंद्रीकृत व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभिन्न शाखाओं से पत्र प्रेषित करने के बजाय एक समर्पित शाखा से ही डिस्पैच की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। इसके पश्चात संभागायुक्त श्री तिवारी ने कैशबुक का निरीक्षण कर विभिन्न योजनाओं में प्राप्त आवंटन एवं व्यय की जानकारी ली। उन्होंने 15वें वित्त आयोग, स्वच्छ भारत मिशन, आश्रय निधि, निर्माण कार्य, आंगनवाड़ी, मध्यान्ह भोजन तथा एक बगिया मां के नाम सहित अन्य



योजनाओं एवं मदों में प्राप्त वित्तीय आवंटन का प्रभावी एवं समयबद्ध उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रगतिरत निर्माण कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने पर जोर दिया। उन्होंने जिला पंचायत के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सेवा पुस्तिकाओं का भी निरीक्षण कर नॉमिनेशन, पीपीएफ सहित अन्य प्रविष्टियों का जायजा लिया तथा सेवा स्थापना संबंधी कार्यों पर संतोष व्यक्त किया। उन्होंने टेबल निरीक्षण निर्धारित रोस्टर के साथ आकस्मिक रूप से भी करने और कमियां पाए जाने पर त्वरित सुधार सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अक्षत जैन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# बावडिया प्राथमिक शाला के जर्जर भवन व बाउंड्रीवाल की मरम्मत की मांग

### - मानवाधिकार आयोग में भी शिकायत

**अनोखा तीर, देवास।** शहर के बावडिया क्षेत्र स्थित शासकीय प्राथमिक शाला के क्षतिग्रस्त भवन और बाउंड्रीवाल एवं ढांचा भवन माध्यमिक शाला के शौचालय आदि की मरम्मत सहित मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के मामले में सामाजिक कार्यकर्ता एवं प्रेमनगर पार्ट 2 निवासी गोपाल अग्रवाल ने पूर्व में बाल अधिकार संरक्षण आयोग को की थी। जिसके जवाब में निगम को शीघ्र विद्यालय के जर्जर भवन का निर्माण का प्रस्ताव आया जो आज तक लंबित है। उन्होंने बताया कि विद्यालय भवन की खराब स्थिति और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बच्चों की शिक्षा व सुरक्षा पर खतरा होने की शिकायत की पूर्व में उनके द्वारा की गई थी। इस संबंध में की गई जांच में पाया गया कि शासकीय प्राथमिक शाला बावडिया परिसर में आवश्यक मूलभूत सुविधाओं और मरम्मत कार्य के लिए लगभग 30 लाख रुपए का प्राक्कलन तैयार किया गया है। लेकिन निगम अधिकारियों की उदासीनता के कारण प्रकरण आज दिनांक तक लंबित है। निविदाएं प्राप्त होने के बाद स्वीकृत दर के अनुसार ठेकेदार के माध्यम से कार्य प्रारंभ नही हो पाया है। वहीं शहर के वार्ड क्रं. 22 में लंबे समय से लंबित विकास कार्यों और जनसमस्याओं को लेकर नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं। इस संबंध में विभाग को कई बार श्री अग्रवाल द्वारा पत्र भेजे जाने के बावजूद जवाब नहीं मिलने पर उन्होंने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, नई दिल्ली को आवेदन भेजा है।

# घोषणाएं हुई, भूमिपूजन भी हुआ पर काम अधूरा

### - अंबेडकर जयंती से पहले निर्माण पूरा करने की मांग

अनोखा तीर, बैतूल। संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर से जुड़े स्थलों की बदहाली और लंबे समय से लंबित विकास कार्यों को लेकर बौद्ध समाज ने जिला कलेक्टर को आवेदन सौंपकर जिले में बाबासाहब से जुड़े महत्वपूर्ण स्थलों की दयनीय स्थिति पर ध्यान आकर्षित किया है और 14 अप्रैल डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर जयंती से पहले सभी अधूरे कार्य पूरे कराने की मांग की है। आवेदन में कहा गया है कि जिला कलेक्टर कार्यालय के सामने स्थित संविधान चौक पर केवल एक बोर्ड लगाया गया है, जबकि यहां किसी प्रकार का सौंदर्यीकरण, मंच या अन्य संरचनात्मक विकास नहीं किया गया है। लगभग दो वर्ष पहले बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल, आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे, नगर पालिका परिषद और प्रशासन की मौजूदगी में सामाजिक संगठनों के साथ इस स्थल का भूमिपूजन किया गया था। उस समय जनप्रतिनिधियों द्वारा लगभग सात लाख रुपए देने की घोषणाएं भी की गई थीं, लेकिन आज तक यहां निर्माण और सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू नहीं हो पाया है। इसी प्रकार कारगिल चौक स्थित अंबेड़कर मांगलिक सामुदायिक भवन लगभग 15 वर्षों पहले सामाजिक कार्यक्रमों के लिए बनाया गया था, लेकिन आज तक इसे सामाजिक संगठनों को सौंपा नहीं गया है। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि बैतूल विधायक द्वारा नगर पालिका परिषद को पत्र भी दिया गया था, इसके बावजूद अब तक सामाजिक प्रतिनिधियों की समिति बनाकर भवन हस्तांतरित नहीं किया गया है। शहर के रेन बसेरा के पीछे स्थित लगभग 40 से 50 वर्षों पुराना अंबेडकर भवन भी जर्जर स्थिति में पहुंच चुका है। आवेदन में बताया गया है कि यहां पुताई, पैविंग ब्लॉक, पौधों की कटिंग, मरम्मत और निर्माण कार्य की जरूरत है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन होने के कारण परिसर में कम से कम 10 सीमेंट की बेंच लगाने की भी मांग की गई है।

**17 लाख की घोषणा, लेकिन आज तक शुरू नहीं हुआ सौंदर्यीकरण कार्य** - नेहरू पार्क के सामने स्थित अंबेडकर चौराहे के सौंदर्यीकरण का भी लगभग आठ माह पहले जनप्रतिनिधियों, प्रशासन और नगर पालिका अध्यक्ष की मौजूदगी में भूमिपूजन किया गया था। इस कार्य के लिए 17 लाख रुपए की घोषणा भी की गई थी, लेकिन आज तक सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू नहीं हो सका है। आवेदन में जामठी स्थित प्रज्ञा बुद्ध विहार परिसर में प्रस्तावित अंबेडकर भवन निर्माण का मामला भी उठाया गया है। बताया गया कि 17 सितंबर 2024 को आयोजित भगवान गौतम बुद्ध प्रतिमा स्थापना कार्यक्रम के दौरान बैतूल विधायक ने सामाजिक बंधुओं की मांग पर अंबेडकर भवन निर्माण के लिए अपनी विधायक निधि से पांच लाख रुपए की अतिरिक्त राशि ग्राम पंचायत को प्रदान की थी। वहीं आमला विधायक डॉ. योगेश पंडाग्रे ने प्रज्ञा बुद्ध विहार परिसर में फेंसिंग और अन्य कार्यों के लिए दो लाख रुपए की राशि स्वीकृत की थी। इसके बावजूद दो वर्ष बीत जाने के बाद भी ग्राम पंचायत द्वारा केवल गड्ढे खोदकर कार्य अधूरा छोड़ दिया गया है। परिसर में सामाजिक सहयोग से लगाए गए पौधों को फेंसिंग अधूरी होने के कारण पशुओं से नुकसान हो रहा है।

**संबंधित ग्राम पंचायतों को निर्देश जारी करने की मांग-** बौद्ध समाज के आरडी पाटिल ने कलेक्टर से मांग की है कि नगर पालिका परिषद बैतूल और संबंधित ग्राम पंचायतों को निर्देश जारी कर संविधान चौक, अंबेडकर चौराहा, अंबेडकर मांगलिक सामुदायिक भवन, पुराने अंबेडकर भवन और जामठी स्थित प्रज्ञा बुद्ध विहार परिसर में लंबित निर्माण व सौंदर्यीकरण कार्य 14 अप्रैल डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर जयंती से पहले पूर्ण कराए जाएं, ताकि इन स्थलों को उचित सम्मान मिल सके और सामाजिक-सांस्कृतिक गतिविधियां सुचारू रूप से संचालित हो सकें।

### भाजपा ने सुरभि खंडेलवाल के निधन पर जताया शोक

अनोखा तीर, बैतूल। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं विधायक हेमंत खंडेलवाल तथा आरडी पब्लिक स्कूल की संचालिका रितु खंडेलवाल की सुपुत्री सुरभि खंडेलवाल के असामयिक निधन पर जिला भाजपा परिवार ने शोक संवेदनाए व्यक्त की है। वहीं खंडेलवाल परिवार को दुख की इस घडी में ईश्वर से दिवंगत की शांति की कामना परमपिता परमेश्वर से करते हुए भावभींनी श्रृद्वांजलि अर्पित की है। शोक संवेदना व्यक्त करने वालो में केन्द्रीय राज्यमंत्री एवं सांसद दुर्गादास उइके, जिलाध्यक्ष सुधाकर पवार, विधायक महेन्द्रसिंह चौहान, चंद्रशेखर देशमुख, डॉ.योगेश पंडाग्रे, गंगा उइके, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पंवार, उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, समस्त जिला पंचायत सदस्य, जिले के सभी भाजपा समर्थित जनपद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, नगर पालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पार्षदगण, भाजपा जिला पदाधिकारी, मंडल प्रभारीगण, मंडल अध्यक्षगण, मोर्चा, प्रकोष्ठो के जिला संयोजक सहित जिले के सभी वरिष्ठ नेतागण प्रमुख है।

### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने महाविद्यालय के प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

**अनोखा तीर, खातेगांव।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई खातेगांव जिला देवास द्वारा आगामी 17 मार्च से प्रारंभ हो रहे (यूजी) के छात्रों की परीक्षा को ध्यान में रखते हुए। परीक्षा देने आ रहे विद्यार्थियों को इस प्रकार की परेशानी का सामना ना करना पड़े जैसे पीने का पानी, शौचालयों में व्यवस्थित नल जल की सुविधा एवं साफ सफाई, वाहन पार्किंग के लिए टीन शेड की व्यवस्था, परिसर में साफ सफाई। इन बिंदुओ पर शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय खातेगांव के प्राचार्य को ज्ञापन सौपा एवं चेतावनी दी गई की 3 दिन के अंदर इन बिंदुओ पर उचित कार्यवाही नही की गई तो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद चरणबद्ध आंदोलन करेगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी महाविद्याल प्रसाशन की रहेगी।



स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रहलाद शर्मा द्वारा श्री सिद्धीविनायक प्रिंटर्स, देशबंधु परिसर, प्लॉट नं.26-बी, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी.नगर, भोपाल,म.प्र. से मुद्रित अनोखा तीर कार्यालय नया बस स्टैंड के सामने, हरदा, म.प्र. से प्रकाशित। प्रधान संपादक सुरेश लोहाना / संपादक प्रहलाद शर्मा / प्रबंध संपादक महेश कौशिक। फोन : 07577-226771 मो.9425045480, समाचार चयन के लिए पी.आर. बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र हरदा रहेगा।

# नरवाई जलाने वालों की सेटेलाइट से होगी निगरानी

● जिला स्तरीय समिति ने किसानों से नरवाई नहीं जलाने की अपील की



अनोखा तीर, हरदा।

ग्रीष्मकाल के दौरान खेतों में नरवाई जलाने की घटनाओं को रोकने के दृष्टिगत कलेक्टर सिद्धार्थ जैन की अध्यक्षता में संबंधित विभागीय अधिकारी एवं किसानों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी ने एक मत से नरवाई नहीं जलाने की किसानों से अपील की। इस दौरान कलेक्टर ने बताया कि जिले में नरवाई जलाने पर पूरी तरह प्रतिबंधित किया गया है। यदि किसी खेत में नरवाई में आग लगाई जाती है तो जिला प्रशासन को उसकी तुरन्त सेटेलाइट इमेज प्राप्त हो जाएगी और ऐसे किसान पर पुलिस एवं प्रशासन द्वारा कार्यवाही की जाएगी। साथ ही अर्थदण्ड भी अधिरोपित किया जाएगा। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री शशांक, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती अंजली जोसेफ जोनाथन, वनमण्डलाधिकारी श्रीमती ज्योति मुड़िया, किसान संघ के अध्यक्ष महेश शर्मा सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कृषक मौजूद थे। बैठक में बताया गया कि ऊपरी परत से ही पौधों के लिए अत्यावश्यक पोषक तत्व उपलब्ध होते हैं किंतु आग के संपर्क में आने से जलकर नष्ट हो जाते हैं। इससे भूमि कठोर होती है, एवं भूमि में जलधारण क्षमता काम हो जाती है, जिससे फसले जल्दी सूखती है, वातावरण के तापक्रम में वृद्धि होती है, धरती गर्म होती है एवं कार्बन नाइट्रोजन अनुपात में संतुलन बिगड़ जाता है, केंचुए कम हो जाते हैं, जिससे भूमि में वायु संचार में कमी आती है। किसानों को सलाह दी गई है कि नरवाई समाप्त करने के लिये विभिन्न प्रकार के कृषि यंत्र जैसे कंबाइन हार्वेस्टर, भूसा बनाने की मशीन, रोटावेटर से जुताई अथवा पटा चला कर कल्टीवेटर से जुताई, हैप्पी सीडर तथा जीरो टिलेज से खड़ी नरवाई में गेहूं, मूंग और उड़द जैसी फसलें लगाई जा सकती है। इसके साथ ही बेस्ट डीकंपोजर का उपयोग कर नरवाई को भूमि में जैविक खाद में बदला जा सकता है। नरवाई समाप्त करने हेतु मदर कलचर की और जानकारी के लिए कृषि विज्ञान केंद्र हरदा से संपर्क किया जा सकता है।

# मूंग सिंचाई के लिए नहरों में 20 मार्च से छोड़ा जाएगा पानी



जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक संपन्न

अनोखा तीर, हरदा।

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन की अध्यक्षता में गुरुवार को कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में जल उपयोगिता समिति की बैठक का आयोजित की गई। बैठक में विधायक हरदा डॉ. आर.के. दोगने, पुलिस अधीक्षक शशांक, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती अंजली जोसेफ जोनाथन, किसान संघ के अध्यक्ष महेश शर्मा सहित समिति के अन्य सदस्य, संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कृषक मौजूद थे। बैठक में समिति सदस्यों ने आगामी 20 मार्च से मूंग की फसल के लिए तवा डेम से सिंचाई के लिए पानी छोड़े जाने की मांग की। कार्यपालन यंत्री सुश्री सोनम बाजपेयी ने बताया कि माचक नहर में सीसीजी एम लाइनिंग कार्य के कारण माचक नहर को 25 मार्च 2026 के बाद खोला जाएगा, जिसमें सभी ने सहमति दी। सुश्री वाजपेयी ने बताया कि इस वर्ष मूंग की फसल की सिंचाई के लिए जल संसाधन संभाग हरदा में 19135 हैक्टेयर एवं हंडिया शाखा नहर संभाग टिमरनी में 19325 हैक्टेयर कुल 38460 हैक्टेयर में पानी उपलब्ध कराये जाने की योजना तैयार की गई है, जिसमें हरदा डिविजन के 111 एवं टिमरनी डिवीजन के 56 गांवो के किसानों को सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध हो सकेगा।

## आज हरदा में उपलब्ध रहेंगे डॉ. गौरव गुप्ता

**अनोखा तीर, हरदा।** दमा, एलर्जी, टीबी, छाती एवं श्वास रोग विशेषज्ञ डॉ. गौरव गुप्ता आज हरदा के करताना वाला चेंबर्स पर उपलब्ध रहेंगे।

डॉ.श्री गुप्ता कोविड के बाद होने वाली समस्याएं खांसी, श्वास की तकलीफ या कमजोरी वाले मरीजों का भी इलाज करेंगे। वहीं एलर्जी संबंधित समस्याएं, अस्थमा, छाती संबंधित समस्याएं का निदान करेंगे। डॉ.श्री गुप्ता १३ मार्च को सुबह १० बजे से १२ बजे तक देखेंगे। रजिस्ट्रेशन के लिए मोबाईल नंबर ७०८९०२२१७९ पर संपर्क कर सकते हैं।

## अवैध कब्जा करने वाले आरोपी को 15 दिवस का जेल वारंट जारी

**अनोखा तीर, हरदा।** जिला प्रशासन द्वारा कलेक्टर सिद्धार्थ जैन के निर्देशन एवं अपर कलेक्टर सतीश राय के मार्गदर्शन में अवैध कब्जा करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में गुरूवार को अनुविभागीय अधिकारी हरदा अशोक कुमार डेहरिया ने अवैध कब्जा करने के आरोप में मोहम्मद सिराज पिता ताज मोहम्मद, निवासी जत्रापड़ाव को 15 दिवस का जेल वारंट जारी कर जेल भेजा है। एसडीएम श्री डेहरिया ने बताया कि रहटाखुर्द निवासी कृष्णाबाई की 1.210 हेक्टेयर निजी भूमि पर आरोपी मोहम्मद सिराज अवैध रूप से कब्जा कर फसल का लाभ ले रहा था। यह भूमि आवेदिका के परिवार की जीविका का एकमात्र साधन है। प्रशासन द्वारा कब्जा छोड़ने का नोटिस देने के बावजूद जब आरोपी ने भूमि खाली नहीं की, तो उसे 15 दिनों के लिए जेल वारंट जारी कर जेल भेज दिया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यदि 15 दिनों के भीतर आरोपी स्वयं अवैध कब्जा नहीं हटाता है, तो नियमानुसार उसे पुनः तीन माह की अवधि के लिए जेल भेजा जाएगा।

## कलेक्टर ने निर्माणाधीन माचक उपनहर का किया निरीक्षण

**अनोखा तीर, हरदा।** कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने गुरूवार को जिले के ग्राम नकवाड़ा एवं गहाल के बीच निर्माणाधीन माचक उपनहर के निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने समय सीमा में निर्माण कार्य पूर्ण करने के जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि नहर निर्माण में गुणवत्ता का भी पूरा ध्यान रखा जाए।



# पुल से नदी में गिरी बाईक

## पिता की मौत, बेटा गंभीर घायल

**अनोखा तीर, हरदा।** खिरकिया के छीपाबड़ थाना क्षेत्र के ग्राम धनवाड़ा में गुरुवार शाम 4 बजे पुल से मोटरसाइकिल नदी में गिर गई। हादसे में सिर में चोट लगने से पिता की जान चली गई, जबकि बेटा बुरी तरह घायल है। जानकारी के मुताबिक, किशनलाल राय और उनका बेटा राहुल प्लैटिना मोटरसाइकिल से खिरकिया से बमनगांव गांव जा रहे थे। पुलिस ने बताया कि धनवाड़ा गांव के पास डंपर ने मोटरसाइकिल को कट मारा, जिससे वह नदी में गिर गई। पुलिस डंपर चालक की तलाश कर रही है। राहगीरों ने तुरंत 112 एम्बुलेंस को फोन किया, जिसकी मदद से दोनों को खिरकिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वहीं, राहुल राय का प्राथमिक इलाज करने के बाद उनकी नाजुक हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

# तेज आवाज में डीजे बजाने वालों पर पुलिस की कार्रवाई

-वाहन सहित डीजे सिस्टम जप्त

**अनोखा तीर, हरदा।** जिला दण्डाधिकारी एवं कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने जिले में लाउडस्पीकर एवं डीजे के नियंत्रण तथा नियमों के विरुद्ध उपयोग पर रोक लगाने हेतु पूर्व में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं। साथ ही वर्तमान में बच्चों की परीक्षाएं भी संचालित हो रही हैं, जिसके दृष्टिगत ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक हरदा श्री शशांक के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित कुमार मिश्रा के मार्गदर्शन में जिले में ध्वनि प्रदूषण रोकने हेतु सतत कार्यवाही की जा रही है। बुधवार को थाना सिविल लाइन हरदा पुलिस ने भ्रमण के दौरान सांई मंदिर के पास एक वाहन में लगे डीजे सिस्टम को अत्यधिक तेज ध्वनि में बजाते हुए पाया, जिससे क्षेत्र में ध्वनि प्रदूषण हो रहा था। मौके पर ध्वनि इतनी तेज थी कि आपसी बातचीत भी सुनाई नहीं दे रही थी तथा आसपास के क्षेत्र में रहने वाले लोगों एवं विद्यार्थियों की पढ़ाई में व्यवधान उत्पन्न हो रहा था। मौके पर डीजे ऑपरेटर से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पूनम पिता श्रीराम गौर, उम्र 40 वर्ष, निवासी वार्ड 7 टिमरनी बताया तथा डीजे संचालन संबंधी कोई वैधानिक अनुमति प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही कर आरोपी के कब्जे से दो एम्पलीफायर, दो बेस, दो कॉलम, एक डीजे मिक्सर तथा टाटा 407 वाहन क्र. एमपी 06 ई 2933 को जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 223 भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) एवं कोलाहल नियंत्रण अधिनियम की धारा 7/15 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। इसी प्रकार नायब तहसीलदार एवं थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए वाहन क्र.एमपीजीए 3441 में लगे डीजे सिस्टम को जप्त कर आरोपी अजय पिता सीताराम तथा वाहन क्र.एमपी 13 ई 0702 में लगे डीजे सिस्टम को जप्त कर आरोपी संतोष के विरुद्ध धारा 223 भारतीय न्याय संहिता एवं कोलाहल नियंत्रण अधिनियम की धारा 7/15 के तहत वैधानिक कार्यवाही की गई है।

